52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ्फ़रनगर है...

न्यूनतम 16.1°c अधिकतम 29.6°c

**अमृतवाणी**

अगर ईश्वर दे तो कोई छीन नहीं सकता, अगर वो छीन ले तो कोई दे नहीं सकता।

# मुज़फ्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

अखिलेश की हिन्दुओं को जातियों में बाँटने की कोशिश कामयाब नहीं होगी : भाजपा

सूर्योदय : 6:36 सूर्यास्त : 5:29 | वर्ष : 52/ अंक : 307 बुधवार, 06 नवम्बर 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-04

इस सियासी खेल में कुछ वक्त तो कट जाएगा.........

# चर्चाओं में आने को फिर छोड़ा शिकायतों का शिगूफा

**मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)।** मीरापुर विधानसभा उपचुनाव में अभी मतदान होने में 15 दिन शेष हैं और हर बार की तरह इस बार भी सपा ने शिकायतों का शिगूफा फिर छोड़ दिया है। हाल ही में चर्चाओं में आने के लिए वर्तमान सांसद हरेन्द्र मलिक ने भी अपने चुनाव में इसी तरह सत्ताधारी पार्टी पर तरह-तरह के आरोप लगाये थे, कभी जिलाधिकारी, कभी एसएसपी पर उंगलियां उठाते हुए चुनाव आयोग तक पर सवाल उठाये गये थे। इसी क्रम में मंगलवार को फिर एक बार सत्ताधारी पार्टी की शिकायतों का दौर सपा के जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी व वर्तमान सांसद हरेन्द्र मलिक द्वारा छेड़ दिया गया है। प्रेक्षक से हुई गुफ्तगू व लिखित पत्र में समाजवादी पार्टी के उक्त तीनों वरिष्ठ लोगों ने मीरापुर में निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव कराने की मांग रखी। पार्टी के वर्तमान जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने बिना किसी मंत्री का नाम लिए हुए आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी के मंत्री मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के प्रधानों को धमकाकर अपने पक्ष में लेने का काम कर रहे हैं। उनका कहना है कि भाजपा नेता धमका कर उन्हें अपने पक्ष में करना



चाहते हैं, जोकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में ठीक नहीं है। सपा ने मांग की है कि इस तरह के किसी भी दबाव को रोका जाये ताकि प्रधान और अन्य लोग बिना किसी से डरे निष्पक्ष होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें। उन्होंने कहा कि इन सभी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाये, जिससे सपा समर्थक अपने को सुरक्षित महसूस कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा और आरएलडी के उम्मीदवार चुनाव आयोग की गाइड लाइन का पालन नहीं कर रहे हैं, उनका कहना है कि सभी पार्टियों को एक ही नियम के तहत चुनाव लड़ना चाहिए, लेकिन भाजपा के पक्ष में नियमों का पालन ढील से किया जा रहा है, गाइड लाइन की सख्ती सिर्फ विपक्षी पार्टी पर ही लागू की जा रही है, जबकि भाजपा-आरएलडी की संयुक्त उम्मीदवार को इसे अनदेखा करने की छूट दी जा रही है। सपा द्वारा लगाये गये दर्जनों आरोपों की चर्चा प्रेक्षक से लिखित में की गई। अब देखना यह होगा कि उक्त शिकायतों के बाद प्रेक्षक अथवा शासन इन सब बातों का क्या जवाब देता है?

## सत्ताधारी पार्टी पर आरोप लगाना विपक्ष का हर बार का फंडा

**मुजफ्फरनगर।** कभी मतदान में गड़बड़ी, कभी मतगणना में गड़बड़ी, कभी विपक्ष के उम्मीदवार से भेदभाव, यह विपक्ष का अब पुराना फंडा हो चला है और ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप तो लगातार ही लगते रहे हैं, बावजूद उसके भी हाल ही के सांसदी के चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा की भारी भरकम जीत हुई थी। भारी गड़बड़ियों के आरोप के बाद भी खुद मुजफ्फरनगर की सीट सपा की झोली में चली गई थी। चुनाव से पहले डीएम और एसएसपी, यहां तक की चुनाव आयोग पर उंगली उठाने में प्रत्याशियों ने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी, यहां तक की संजीव बालियान पर हत्या कराने के प्रयास तक के आरोप भी लगाये गये थे। ठीक इसी तर्ज पर समाजवादी पार्टी फिर चलती दिखाई पड़ रही है। इस फार्मूले से विपक्ष को एक लाभ मिलता है, एक तो विपक्ष का प्रत्याशी चर्चाओं में आ जाता है और दूसरी बात जब विपक्ष हारता है तो उनके पास फोड़ने के लिए कोई और ठीकरा नहीं होता, यही कहता है कि प्रशासन ने सत्ताधारी पक्ष के प्रत्याशी को जिताने के लिए काम किया है, ईवीएम में गड़बड़ी थी, यहां तक की मतगणना में भी गड़बड़ी बता दी जाती है। प्रत्येक कमजोर प्रत्याशी अपने आपको हारता देख इससे बेहतर आरोप कोई नहीं लगा सकता। ऐसे में अभी चुनावी रण सजा ही था कि सपा के दिग्गजों ने आरोपों का दौर जारी कर दिया और उक्त आरोप मतदान के दिन 20 तारीख ही नहीं, उसके बाद भी लगते दिखाई देंगे। मतदान के बाद दूरबीन बिधि से मतगणना स्थल का ऑपरेशन भी विपक्ष द्वारा हर बार किया जाता है। इस बार भी चौकीदार और दूरबीन बिधि से ऑपरेशन संभवतः जारी रहेगा। जीत या हार तो बाद की बात है, मगर फिलहाल चुनाव जीतने के लिए चुनावी स्टंट शुरू हो गये हैं।




## जयन्त चौधरी आज करेंगे मीरांपुर क्षेत्र में चुनावी सभाएं

**मुजफ्फरनगर, 5 नवंबर (बु.)।** मीरांपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह कल मीरांपुर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर जनसभाएं करेंगे। रालोद सुप्रीमो व केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह बुधवार (आज) क्षेत्र में कई स्थानों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। उनके बेलड़ा, भोकरहेड़ी जड़वड़ और नूनी खेडा में सभाएं होंगी। इसके लिए रालोद-भाजपा गठबंधन प्रत्याशी मिथलेश पाल के समर्थक और रालोद के नेता आज तैयारियों में जुटे रहे। दूसरी ओर आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष तथा सांसद चंद्रशेखर आजाद भी कल नौ स्थानों पर चुनावी सभाएं करेंगे। उनका स्वागत व चुनावी सभाएं कसौली, बरुकी, रसूलपुर, गादला, नन्हेडा, रहकड़ा, ककराला, भोपा और



# फर्जी एफडी घोटाले की जांच से अधिकारी ने हाथ किए खड़े

- बार-बार मांगे जाने के बावजूद पालिका अधिकारियों ने नहीं दिखाए घोटाले के दस्तावेज
- अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि के पत्र पर एडीएम ने फिर ईओ को दिए आदेश

**मुजफ्फरनगर, 5 नवंबर (बु.)।** नगर पालिका में फर्जी एफडी घोटाले की जांच को लेकर कलक्टर के आदेश को भी पालिका के अफसरों ने ठेंगे पर रख दिया। मामले में नामित जांच अधिकारी द्वारा बार-बार मांगे जाने के बावजूद पत्रावली उपलब्ध ना कराए जाने पर अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि ने मामले की जांच से हाथ खड़े करते हुए एडीएम को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया तो एडीएम प्रशासन ने अब ईओ को फिर से उक्त मामले में जांच के लिए पत्रावली उपलब्ध कराने को कहा है।

नगर पालिका में टेंडरों में फर्जी फोटो स्टेट एफडीआर लगाए जाने के मामले में की गई शिकायत यहां से लखनऊ तक पहुंचने और नगर विकास विभाग की ओर से डीएम को इस संबंध में पत्र भेजकर मामले की जांच कराने के लिए लिखे जाने के बाद जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर व अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि को मामले की जांच सौंपी थी। इस प्रकरण की जांच के लिए अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि ने जांच की प्रक्रिया शुरू की तो मामले पर राख डाल रहे पालिका के अधिकारियों ने उन्हें पत्रावली तक दिखाने से इंकार कर दिया। अधिशासी अभियंता ने इसे लेकर अपर जिलाधिकारी प्रशासन को भेजे पत्र में कहा है कि उनके साथ पालिका की अधिशासी अधिकारी को उक्त प्रकरण से संबंधित कागजात उपलब्ध कराने को पत्र भेजा गया था। लेकिन उन्हें कोई कागजात उपलब्ध नहीं कराए गए। इसके बाद उन्होंने सहायक अभियंता हरवंश सिंह को उक्त कागजात की जांच करने के लिए पालिका भेजा, लेकिन संबंधित कागजात उन्हें भी नहीं दिखाए गए। ऐसे में मामले की जांच से हाथ खड़े करते हुए अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोनिवि ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को पत्र लिखकर कहा है कि मामले की जांच की प्रगति जानने के लिए शिकायतकर्ता सभासद मौहम्मद खालिद द्वारा कई बार उपस्थित होकर जानकारी मांगी गई। अधिशासी अभियंता ने एडीएम से कहा है कि उक्त मामले में कागजात उपलब्ध ना कराए जाने के कारण वे इसकी जांच नहीं कर पा रहे हैं, ऐसे में इसकी जांच उच्च स्तर से कराने का कष्ट करें। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपी डीएम को भी भेजी है। इस पत्र पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह ने ईओ को उक्त पत्र भेजते हुए संबंधित पत्रावली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।





# मौसम बदलते ही बढ़ी बीमारी, अस्पताल पर पड़ रही भारी

## बदलते मौसम के साथ बढ़े बुखार और सर्दी के मरीज, प्रदूषण भी सांसों पर मुश्किल

**मुजफ्फरनगर, 5 नवंबर (बु.)।** मौसम में बदलाव से बुखार, नजला जुकाम और गले में खराश के मरीज बढ़ गए हैं। जिला अस्पताल में ओपीडी में आज बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। इनमें अलावा नजला व खांसी के मरीज भी ज्यादा आ रहे हैं। इसके चलते पर्ची बनवाने से लेकर ओपीडी तक मारी मारी जैसे हालात रहे। पर्ची बनवाने, चिकित्सक को दिखाने और बाद में दवा लेने तक के क्रम में मरीजों को घंटों जूना पड़ा। चिकित्सक इसे वायरल संक्रमण बताते हुए सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। हवा में प्रदूषण बढ़ने के बाद सांस के रोगी भी बढ़ रहे हैं।

मौसम तेजी से बदल रहा है। रात और दिन का तापमान कम होता जा रहा है। सोमवार को रात का न्यूतनम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम में बदलाव का असर लोगों की सेहत पर भी पड़ रहा है। पिछले तीन चार दिन में वायरल और गले में खराश के मरीज बढ़े हैं। इसके चलते सरकारी अस्पताल की ओपीडी में रोगियों की संख्या बढ़कर एक हजार से अधिक हो गई है। अचानक बढ़े मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। आज सुबह से ही मरीजों की भीड़ टूटी तो पहले तो पर्ची बनवाने के लिए ही लंबी कतार में मरीजों को घंटों लगना पड़ा। वहां पर्ची बनी तो फिर ओपीडी में एकमात्र फिजीशियन होने के कारण वहां भी लंबा इंतजार करना पड़ा। इतनी भारी भीड़ को संभालना चिकित्सकों के लिए भारी पड़ा। ऐसे में मरीजों को किस तरह देखा और इलाज के लिए दवा लिखी गई होंगी, यह समाा जा सकता है। पर्चे पर दवा लिख भी दी गई तो फिर दवा लेना भी किसी जंग लड़ने से कम नहीं था। इसके लिए भी काफी दुश्वारियों से मरीजों को जूाना पड़ा। अचानक बढ़ी मरीजों की तादाद को लेकर जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. योगेंद्र तिरखा ने बताया मौसम में नमी बनने से वायरस पनपते हैं। जब ये वायरस शरीर में पहुंचते है तो सबसे पहले गले में इसका असर पड़ता है। वायरल संक्रमण के कारण गले में सूजन और जलन की समस्या बनती है। इस वजह से इस मौसम में गले में खराश व एलर्जी होने की आशंका रहती है। बुखार भी आ सकता है। वायरल से पीड़ित व्यक्ति के खांसने व छींकने से भी लोग इसकी चपेट में आ जाते हैं, इसलिए लोगों को इस मौसम में बचाव करने की जरूरत है।

### मौसम में बदलाव पर यह हो सकता है...

- बुखार और शरीर में दर्द, बीपी की समस्या।
- गले में खुजली व जलन होना।
- सूजन और खराश होना। सूखी खांसी होना।
- बोलने या निगलने में परेशानी होना, गले में कफ जमा होना।
- तापमान में बदलाव के बाद सांस की समस्या।

### इस तरह हो सकता है बचाव...

- मौसम के अनुसार पूरी बाजू के कपड़े पहने।
- ज्यादा ठंडा पानी व पेय पदार्थों का सेवन न करें।
- ज्यादा देर तक या बार-बार पानी में भीगने से बचे।
- गले में खराश होने पर गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारे करें।
- घर से बाहर निकलने पर फेस मास्क लगाए।
- वायरल संक्रमण होने पर चिकित्सक की सलाह से दवा ले।
- बुजुर्गों और सांस के रोगियों को खासतौर से बचाएं।

# केवलपुरी बवाल में युवतियों के कोर्ट में बयान दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)।** गोवर्धन पूजा के दिन ब्राह्मण परिवार की दो युवतियों से मारपीट, छेड़छाड़ व गोवर्धन पर थूकने के मामले में मंगलवार को दोनों पीड़ित युवतियों के धारा 164 में बयान दर्ज कराए गए। इस मामले में यूं तो पुलिस तीन आरोपियों को जेल भेज चुकी है मगर अभी भी पांच आरोपी फरार चल रहे हैं। आपको बता दें कि गोवर्धन की शाम कच्ची सड़क का माहौल उस समय गर्मा गया था जब ब्राह्मण समाज के एक वृद्ध ने अपनी पोतियों सहित मुस्लिम समाज के लोगों पर मारपीट व छेड़छाड़ के आरोप लगाए थे। इस मामले में देर रात में ही पीड़ित पक्ष अपना मेडिकल कराने के लिए हॉस्पिटल भी पहुंच गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वयं पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल भी उसी रात को पीड़ित परिवार के बीच पहुंचे थे और एसएसपी से इस मामले को गंभीरता से संज्ञान लेने की बात कही थी, जिसमें एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने आठ लोगों को नामजद करते हुए 10 को अज्ञात दर्शाया था। बाद में हुई कार्यवाही में एक महिला समेत तीन आरोपियों को जेल भी भेज दिया गया था। अब देखना यह होगा कि दोनों युवतियों के 164 में बयान दर्ज होने के बाद पुलिस किन धाराओं में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करती है। आपको यह भी बता दें कि सोमवार को बघरा के यशवीर महाराज इस मामले में स्वयं कच्ची सड़क पर परिवार के बीच पहुंचे थे और प्रशासन को आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी देते हुए हिन्दू महापंचायत कच्ची सड़क पर आयोजित करने की बात कही थी। अब प्रशासन दोनों ओर से मझधार में फंसा हुआ है, क्योंकि दोनों ओर से धार्मिक संगठन आमने सामने आने को तैयार है।

## रामराज गंग नहर में जहर डालकर हजारों मछलियां मारी

**मुजफ्फरनगर, 5 नवंबर (बु.)।** रामराज में गंग नहर में जहर डालकर हजारों मछलियों की जान लेने के मामले से सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि अज्ञात लोगों ने मध्य गंग नहर में आज सुबह जहर डाल दिया। इसके बाद हजारों की तादाद में मछलियों की मौत हो गई। मृत मछलियों के तैर कर ऊपर आ जाने के बाद पानी की सतह पर सफेद चादर सी बिछी देखी गई। बताया गया है दो दर्जन शिकारी वहां मछलियां पकड़ने में जुटे थे। कुछ लोगों ने यह स्थिति देखी तो रामराज पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची तो मछलियां पकड़ रहे लोग वहां से भाग खड़े हुए।

## मॉर्निंग वॉक पर निकलते शिक्षक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, उपचार के दौरान मौत

**शाहपुर, 05 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव तावली में मॉर्निंग वॉक कर रहे एक शिक्षक को अज्ञात वाहन की टक्कर मार दी। शिक्षक की उपचार के दौरान मौत हो गई। मेरठ जनपद के थाना सरधना के गांव नवादा निवासी 41 वर्षीय अनुज सिंह सोन थानाक्षेत्र के गांव तावली में बच्चों को पढ़ाने का कार्य कर रहे थे। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े पांच बजे वह मॉर्निंग वॉक कर रहे थे। इसी दौरान पीछे से एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान मौत उनकी मौत हो गई। घटना के संबंध में मृतक के चाचा आनंद ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

## पिता की हत्या करने वाले पुत्र को आजीवन कारावास

**मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)।** थाना क्षेत्र के गांव करौंदा महाजन निवासी शिवराज अक्सर शराब पीकर अपने बेटे सूरज के साथ मारपीट किया करता था। 18 दिसम्बर 2023 की रात भी शराब पीकर शिवराज ने फिर से अपने पुत्र सूरज के साथ गाली गलौच की। रोज रोज की गाली गलौच व मारपीट से तंग आकर बेटे ने पिता के ऊपर गोली चला दी थी, जिसमें पिता की मौत हो गयी थी। मौत के बाद सूरज ने पिता के शव को अपनी बहन अंशू के कमरे में बंद कर दिया था। 19 दिसम्बर की सुबह सूरज का चाचा जब घर पर आया तो उसने अपने भाई का शव खून से लथपथ कमरे में पड़ा देखा। तभी उसने पुलिस को सूचना दी और भतीजी अंशू से पूरी जानकारी हासिल की। अंशू ने पुलिस को पूरा घटनाक्रम बताया और पांच दिन बाद आरोपी सूरज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में पुलिस ने कोर्ट में आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। उक्त मामले की सुनवाई जिला जज विनय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में हुई जहां एडीजीसी ललित भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद आरोपी सूरज को आजीवन कारावास व 38 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी है।

# रुका वेतन जारी करने को मांगी खूबसूरत लड़की और 50 हजार

**शामली, 5 नवंबर (एजेंसी)।** एक बिजलीकर्मी ने रुका हुआ वेतन और एरियर दिलाने के बदले एसडीओ पर पचास हजार की रिश्वत और खूबसूरत लड़की मांगने का आरोप लगाया है। मामले की शिकायत डीएम अरविंद चौहान से की है। डीएम ने मामले की जांच एडीएम परमानंद झा को सौंप दी है। गांव खेड़ी करमू निवासी विद्युतकर्मी राकेश कुमार मंगलवार को कलक्ट्रेट पहुंचा। डीएम को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि वह 33/11 केवी विद्युत उपखंड बुटराड़ी पर कार्यरत है। बीती 24 जुलाई को ड्यूटी से आते समय बुढ़ाना फाटक पर उसका एक्सीडेंट हो गया था। पीड़ित करीब तीन माह तक कार्य पर जाने में असमर्थ रहा और दुर्घटना में घायल होने के संबंधित मेडिकल कागजात विद्युत विभाग के कार्यालय में जमा कर दिए गए थे। अब विद्युत कर्मी ने एसडीओ से अपना रुका हुआ वेतन व एरियर दिलवाए जाने की मांग की। आरोप है कि दो माह का वेतन व एरियर देने के एवज में एसडीओ ने 50 हजार रुपए की रिश्वत और एक खूबसूरत लड़की उपलब्ध कराने की मांग की। डीएम ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। उधर, एसडीओ ने आरोप को बेबुनियाद बताया है।

# उत्तर प्रदेश मदरसा अधिनियम को रद्द करने वाला इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला खारिज

**नयी दिल्ली, 05 नवंबर (वार्ता)** उच्चतम न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 22 मार्च 2024 के उस फैसले को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें 'उत्तर प्रदेश मदरसा अधिनियम 2004' को असंवैधानिक और धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने वाला करार दिया गया था।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पार्दीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अंजुम कादरी और अन्य द्वारा दायर याचिका पर यह फैसला सुनाते हुए कहा अधिनियम उत्तर प्रदेश में शिक्षा के मानकों को विनियमित करता है। पीठ ने कहा, ''अल्पसंख्यकों को शैक्षणिक संस्थानों का प्रशासन करने का अधिकार पूर्ण नहीं है और राज्य ऐसी शिक्षा के मानकों को विनियमित कर सकता है।'' पीठ ने कानून की वैधता को बरकरार रखते हुए कहा कि राज्य का वहां शिक्षा के मानकों को बेहतर बनाने के लिए मदरसों को विनियमित करने में महत्वपूर्ण है। न्यायालय ने कहा कि अधिनियम राज्य को मानक निर्धारित करने के लिए नियम बनाने की शक्ति देता है। पीठ ने हालांकि कहा कि अधिनियम, जिस हद तक 'फाजिल' और 'कामिल' डिग्री के संबंध में उच्च शिक्षा को विनियमित करता है, वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अधिनियम के विरोधाभासी और कुछ हद तक यह असंवैधानिक है। उल्लेखनीय है कि शीर्ष अदालत ने 22 अक्टूबर को इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने तब कहा था कि देश में धार्मिक शिक्षा कभी भी अभिशाप नहीं रही है, क्योंकि यह केवल मुसलमानों के लिए ही नहीं, बल्कि हिदुओं, सिखों, ईसाइयों आदि के लिए भी उपलब्ध है और देश को संस्कृतियों, सभ्यताओं और धर्मों का मिश्रण होना चाहिए।



# खतौली में डांस टीचर ने किया छात्रा के अपहरण का प्रयास

**खतौली, 5 नवंबर (बु.)।** एक डांस टीचर पर उसके दो साथियों के साथ कक्षा छह की छात्रा के अपहरण का प्रयास करने का आरोप लगाया गया है। छात्रा के शोर मचाने पर एक राहगीर ने छात्रा को डांस टीचर से छुड़ा लिया। हालांकि आरोपी शिक्षक बाइक पर फरार होने में कामयाब हो गया। उसके एक साथी को लोगों ने पकड़ लिया। छात्रा की मां ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। सूत्रों के अनुसार खतौली के एक मोहल्ले की निवासी 12 वर्षीय किशोरी एक विद्यालय में कक्षा छह की छात्रा है। परिजनों ने छात्रा को एक डांस टीचर के पास नृत्य सीखने के लिए भेजना शुरू किया था। वह एक माह से नृत्य सीखने नहीं जा रही थी। बताया गया है कि मंगलवार को विद्यालय की छुट्टी होने के बाद जब वह साइकिल से अपने घर जा रही थी, तो स्कूल से कुछ दूरी पर डांस टीचर अपने दो साथियों के साथ खड़ा था। उसने घर छोड़ने की बात कहकर अपने एक साथी के साथ छात्रा को बाइक पर बीच में बैठा लिया। उसका एक साथी छात्रा की साइकिल लेकर चला गया। छात्रा ने अपनी साइकिल पर ही घर जाने की बात कही लेकिन आरोपी डांस टीचर व उसका साथी छात्रा को नावला मार्ग पर ले जाने लगे। इसी दौरान विद्यालय की ड्रेस में बाइक पर बैठी छात्रा को देखकर एक राहगीर को शक हुआ तो उसने बाइक को रोक लिया और पूछताछ शुरू की। इससे आरोपी डांस टीचर व उसका साथी घबरा गया। छात्रा को बाइक से नीचे उतार कर डांस टीचर भाग गया। जबकि राहगीर ने दूसरे आरोपी को पकड़ लिया। राहगीर और आरोपी युवक में मारपीट हो गई। अपने आप को घिरता देखकर आरोपी फरार हो गया। छात्रा से पूछताछ करने के बाद राहगीर उसे लेकर विद्यालय पहुंचा। विद्यालय स्टाफ ने छात्रा के परिजनों को बुला लिया। तब छात्रा ने पूरी घटना की जानकारी दी। छात्रा को लेकर उसकी मां थाने पहुंची। सीओ राम आशीष यादव ने बताया कि छात्रा का मेडिकल कराया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### राहगीरों ने टोका तो भागा, एक साथी को दबोचा

# हैवानियत की हदें पार : ट्यूशन शिक्षक ने दो साथियों संग मिलकर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**जालौन, 5 नवंबर (एजेंसी)।** ट्यूशन शिक्षक ने छात्रा को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। जब छात्रा ने शादी करने की बात कही तो उसने रात में उसे बुलवाकर अपने दो साथियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। छात्रा ने जब परिजनों को बात बताई तो उनके होश उड़ गए। पिता के साथ पहुंची छात्रा ने थाना पुलिस को तहरीर दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके साथियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती ने थाना पुलिस को तहरीर दी। बताया कि वह गांव के ही शनि याज्ञिक के यहां ट्यूशन पढ़ती थी। इसी दौरान शनि ने उसे शादी का झांसा देकर फंसा लिया। उसने कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। 31 अक्तूबर को जब उसने शादी के लिए कहा तो आरोपी ने धमकी देकर उसे अपने घर बुला लिया। इसके बाद उसने अपने दो साथियों के साथ उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। छात्रा कुछ दिन सब सहती रही। लेकिन जब परिजनों ने उससे पूछा तो उसने पूरी बात परिजनों को बताई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उसके साथियों की तलाश शुरू कर दी है। सीओ शैलेंद्र बाजपेयी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्जकर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है।



# पालिका में स्वास्थ्य अधिकारी ने किया काम करने से इंकार

- एसीएमओ डॉ. अशोक कुमार ने बीमारी को बताया कारण
- फिर से बनी पालिका में डॉ. अतुल की वापसी की संभावना

**मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)।** पालिका में नगर स्वास्थ्य अधिकारी का पद अभी खाली चल रहा है। डॉ. अतुल की पत्नी की शिकायत के बाद उन्हें यहां से हटाये जाने के उपरांत सीएमओ द्वारा नए अधिकारी को पालिका में भेज दिया था, लेकिन उनके द्वारा अपनी आमद दर्ज कराने के बावजूद भी कामकाज शुरू नहीं किया गया और अब उन्होंने पालिका में नगर स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में कार्य करने से इंकार कर दिया है। इसका कारण उन्होंने स्वास्थ्य का ठीक नहीं होना बताया है। ऐसे में अब पालिका में एक बार फिर से नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद पर डॉ. अतुल की फिर वापसी की प्रबल संभावना बन गई है।

नगरपालिका में नगर स्वास्थ्य अधिकारी का दायित्व सीधे तौर पर जनता से जुड़ा है। शहरी क्षेत्र में सफाई कार्य कराने का दायित्व होने से उनका पद बेहद महत्वपूर्ण माना जाता रहा है, लेकिन जितना यह पद जनहित में महत्वपूर्ण है, उतना ही विवादों में भी घिरा है। इस बार नगर स्वास्थ्य अधिकारी के पद को लेकर जारी खींचतान ने नए विवादों को जन्म दिया है। बता दें 26 सितम्बर रात्रि को पालिका नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अतुल कुमार की पत्नी ने बेटे की तबियत खराब होने के बाद भी पालिका से उनके पति को अवकाश नहीं मिलने पर डीएम को फोन करते हुए शिकायत कर बेटे के उपचार को उनके पति को पालिका से अवकाश दिलाने के लिए आग्रह किया था। इसके बाद में डीएम के आदेश पर 27 सितम्बर से ही पालिका चेयरपर्सन ने एनएसए डॉ. अतुल कुमार को अवकाश पर भेजने के निर्देश देते हुए मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार गोलियान को एनएसए का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा था। इसके बाद डॉ. अतुल ने पालिका में अवकाश से वापस लौटने की तैयारी की थी, लेकिन सीएमओ ने उनका तबादला करते हुए मूल पद चिकित्सा अधिकारी स्वास्थ्य केन्द्र बघरा करने के साथ 18 अक्टूबर को एसीएमओ डॉ. अशोक कुमार को नगर स्वास्थ्य अधिकारी के रूप में अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिये। एसीएमओ ने 21 अक्टूबर को योगदान आख्या चेयरपर्सन के सम्मुख प्रस्तुत कर दी थी और पालिका में बैठने लगे थे, लेकिन इसके बाद भी पालिका में सफाई और विभागीय कार्य पटरी पर नहीं बैठ पा रहा है। अब खबर है कि एसीएमओ डॉ. अशोक कुमार पालिका में एनएसए के रूप में कार्य करने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने इस जिम्मेदारी को ही उठाने से साफ इंकार कर दिया। बताया गया कि इसके लिए उन्होंने सीएमओ को पत्र लिखकर नगर पालिका में दिए दायित्व से मुक्त करने का भी आग्रह किया है।

**इन्होंने कहा-** एसीएमओ डॉ. अशोक का कहना है कि पालिका में एनएसए का कार्य फील्ड वर्क और सीधे तौर पर जनता से जुड़ाव का है। सफाई कार्य के लिए 24 घंटे का दायित्व है, जबकि वो इतनी भागदौड़ नहीं कर सकते हैं। इसका कारण उनके घुटनों में दर्द की समस्या है और वो दिल की बीमारी से भी पीड़ित हैं। ऐसे में स्वास्थ्य सम्बंधी समस्या होने के कारण वो पालिका में एनएसए के पद के दायित्व का निर्वहन नहीं कर सकते हैं।

# नगर में चल रही पार्किंग की जांच के आदेश, लगेगी रेट लिस्ट

## टाउनहाल पार्किंग में ईओ ने पकड़ा अवैध वसूली का मामला

**मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)।** नगरपालिका परिषद के मुख्यालय टाउनहाल मैदान में चल रही वाहन पार्किंग में तय शुल्क से दो गुने से भी अधिक शुल्क को वसूलने का मामला पकड़ने के बाद अधिशासी अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सिंह ने पालिका अधीन शहर में संचालित सभी पार्किंगों की भी अब जांच करने के आदेश टैक्स विभाग को दिए हैं। इसके साथ उन्होंने सख्ती से यह कहा है कि कोई पार्किंग बिना पार्किंग शुल्क की लिस्ट लगाये बिना नहीं चलनी चाहिए। ऐसा न करने पर ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही की जायेगी। बता दें कि ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने नगरपालिका परिषद टाउनहाल मैदान में संचालित कार पार्किंग में तय शुल्क 30 रुपए से दो गुना से भी अधिक वसूलने का प्रकरण स्वयं बीते दिवस पकड़ा था। ऐसे में उन्होंने ठेकेदार के द्वारा पार्किंग स्थल पर रेट लिस्ट नहीं लगाने को लेकर कड़ी नाराजगी जताई थी। पालिका प्रांगण में तमाम अधिकारी-कर्मचारियों की नाक के नीचे पकड़े गए। इस मामले को लेकर पालिका ईओ ने सख्त रुख अपनाने के साथ नगर क्षेत्र में संचालित अन्य पार्किंगों की अब से व्यवस्था को सुधारने के निर्देश दिए हैं। ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि कर निर्धारण अधिकारी नरेश कुमार शिवालिया को निर्देशित किया गया है कि वो सभी पार्किंग स्थलों का निरीक्षण करते हुए वहां पूर्व में तय ठेका शर्तों के पालन के संबंध में रिपोर्ट देंगे और सभी पार्किंग स्थल पर रेट लिस्ट का बोर्ड लगाया जाना भी सुनिश्चित करायेंगे ताकि वाहन पार्क करने वाले चालकों को निर्धारित शुल्क की जानकारी मिलने के साथ ही किसी तरह की परेशानी सामने न आए और कोई पार्किंग ठेका कर्मी या ठेकेदार निर्धारित शुल्क से अधिक मूल्य वसूल नहीं कर पाये।

## आज का इतिहास

नई दिल्ली, 05 नवंबर (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 06 नवंबर की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1763: ब्रिटिश फौज ने मीरकासिम को हराकर पटना पर कब्जा किया। 1813: मैक्सिको ने स्पेन से स्वतंत्रता हासिल की। 1844: स्पेन ने डोमिनिकन गणराज्य को स्वतंत्र किया। 1860 : अमेरिका के लोगों ने अब्राहम लिंकन को देश का राष्ट्रपति चुना। 1903: अमेरिका ने पनामा की स्वतंत्रता को मान्यता प्रदान की। 1913 : दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद नीतियों के खिलाफ महात्मा गांधी ने द ग्रेट मार्च का नेतृत्व किया। 1917 : रूसी क्रांति के दूसरे दौर की शुरूआत। 1937 : देश के प्रमुख नौकरशाह और राजनीतिज्ञ यशवंत सिन्हा का पटना में जन्म। 1943: द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूहों को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को सौंप दिया। 1949: यूनान में गृह युद्ध समाप्त हुआ। 1956 : मित्र देशों की सेनाओं ने सुएज नहर पर कब्जा किया। ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने मिस्र के सैनिकों के खिलाफ सुएज नहर युद्ध में जीत दर्ज की। 1973: नासा के स्पेसक्राफ्ट पायोनियर-10 ने ज्यूपिटर के चित्र लेना शुरू किया। 1985-हिंदी सिनेमा के सशक्त अभिनेता संजीव कुमार का निधन। खिलौना, आंधी, मौसम और अंगूर जैसी फिल्मों में उनके अभिनय की जमकर सराहना हुई। 1990 : नवाज शरीफ ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री का पद संभाला। वह 18 अप्रैल 1993 तक इस पद पर रहे। 1999: ऑस्ट्रेलिया ने जनमत संग्रह में ब्रितानी राजतंत्र को नहीं ठुकराने का फैसला किया। 2000: ज्योति बसु ने लगातार 23 साल पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री रहने के बाद पद छोड़ा। 2013: सचिन तेंडुलकर और वैज्ञानिक प्रो सीएनआर राव को भारतरत्न देने की घोषणा की गई। 2014 : सचिन तेंदुलकर की आत्मकथा प्लेइंग इट माई वे का विमोचन।

## मुजफ्फरनगर मंडी

मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- रसकट ढैया 1040-1080, चाकू 1250-1480, लड्डू 1350-1470, खुरपापाड़ 1250-1260, शक्कर मसाला 1375-1390। आज की मंडी आमद- 5000 मन।

## सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 80650 | चांदी- | 96000 |
| सिक्का- | 10740 | गिन्नी- | 60295 |

## आपका आज का राशिफल

बुधवार, 06 नवम्बर, 2024

**मेष-** नवयोजना दृष्टिगत, सहयोगियों से अपेक्षित सहयोग, सद्विचारों का उदय, आनन्द की अनुभूति, दाम्पत्य जीवन सुखमय, जीवन साथी का सहयोग, लाभ।
**वृषभ-** समस्याओं से उलझनें, विशेष परिश्रम के बावजूद आंशिक सफलता, धन लाभ में कमी, पठन-पाठन में अरुचि, दूसरों की सलाह अमान्य, यात्रा सन्तोषजनक।
**मिथुन-** व्यवसाय में विस्तार, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, आत्मविश्वास में वृद्धि, प्रतियोगिता में महत्वपूर्ण सफलता, प्रतिष्ठित व्यक्तियों से जन-सम्पर्क।
**कर्क-** वांछित प्रगति का प्रयास सार्थक, धनागम का सुअवसर, निजी प्रतिभा का सदुपयोग, इच्छित योजना का सुपरिणाम प्राप्त, आपकी सलाह से कामयाबी हासिल, खुशी।
**सिंह-** परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, पारिवारिक सौहार्द, सामाजिक क्रियाकलापों में वृद्धि, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, यात्रा से लाभ।
**कन्या-** सुख-सुविधा में कमी, अध्ययन में अरुचि, समस्याओं की अधिकता, मन दुविधामय, कर्जदारों से परेशान, सुपरिचितों से सहयोग, स्वयं की प्रतिभा कुंठित।
**तुला-** परिणाम के अनुरूप सफलता, नौकरी में प्रोन्नति, विवादास्पद मसला हल, भोग विलासिता की ओर अभिरुचि, राजनैतिक कृत्यों की ओर संलग्नता, धर्म में आस्था।
**वृश्चिक-** स्वयं का निर्णय लाभप्रद, किसी नवीन योजना का श्रीगणेश, मित्रों परिजनों से अपेक्षित सहयोग, सद्विचारों का उदय, प्रगति का सिलसिला, धर्म में आस्था।
**धनु-** किसी योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, बकाए धन की वसूली, सामाजिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, अध्यात्म के प्रति आस्था, पारिवारिक खुशी।
**मकर-** दिनमान प्रतिकूल, वैचारिक स्थिरता का अभाव, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, लापरवाही नुकसानदायक, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, प्रतिष्ठा पर आघात।
**कुम्भ-** घरेलू वातावरण सुखद, विविध पक्षों में अनुकूलता, अधीनस्थ सहयोगियों से सहयोग, समस्याओं का समाधान, आय के नवीन स्रोत, विरोधी असफल।
**मीन-** दिन शुभ, लाभ का सुयोग, व्यापार में धन निवेश, बुद्धि चातुर्य से संकल्पसिद्धि, दूसरों के आश्वासनों से मानसिक राहत, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# बुढ़ाना में दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे अधिवक्ता, कामकाज ठप



बुढ़ाना, 05 नवम्बर (बु.)। बार एसोसिएशन बुढ़ाना से जुड़े हुए सैंकड़ों अधिवक्ता गाजियाबाद प्रकरण के चलते आज मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद मामले को लेकर आज फिर बार एसोसिएशन की एक जरूरी बैठक बार अध्यक्ष अशोक राठी की अध्यक्षता में बार कार्यालय में सम्पन्न हुई, जिसका संचालन बार महासचिव विकास त्यागी ने किया, जिसमें गाजियाबाद में जिला जज द्वारा अधिवक्ताओं के साथ अभद्र भाषा व निहत्थे अधिवक्ताओं पर बर्बरतापूर्वक किये गये लाठीचार्ज के विरोध में केन्द्रीय संघर्ष समिति पश्चिमी उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि बीते कल की तरह आज के दिन भी सभी अधिवक्ता समस्त न्यायालयों में न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। इस प्रस्ताव पर अमल भी किया गया और सभी अधिवक्ता किसी भी न्यायालय में कार्य करने नहीं गये और पूरे समय हड़ताल रखी। हड़ताल करने वाले अधिवक्ताओं में मुख्य रूप से एसपी मलिक, अवध बिहारी लाल गर्ग, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, अनुज राठी, फिरोज मंसूरी, शाहवेज सिद्दीकी, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी, विनोद त्यागी, अलीम सिद्दीकी, विश्वास त्यागी, रविंद्र कुमार और एहतशाम सिद्दीकी आदि मौजूद थे।

## सरसावा हवाई अड्डे से नहीं शुरू हुई उड़ानें, यात्रियों में बैचेनी

सहारनपुर, 5 नवंबर (वार्ता)। सहारनपुर जिले के सरसावा हवाई अड्डे से पांच नवंबर को उड़ाने शुरू होने की घोषणा सही साबित नहीं हुई। उद्यमियों और कारोबारियों ने आज कहा कि लगता है कि इस हवाई अड्डे का उद्घाटन बिना तैयारियों के जल्दबाजी में कर दिया गया। 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी इस हवाई अड्डे का वर्चुअली उद्घाटन किया। तब घोषणा की गई थी कि वाराणसी, कुशीनगर, गोरखपुर, मुरादाबाद और हिंडन एयरबेस के लिए पांच नवंबर से हवाई सेवाएं शुरू हो जाएंगी। इस संबंध में जब सरसावा एयरपोर्ट के अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण नहीं दिया। इस हवाई अड्डे से प्राइवेट एयरलाईंस की कंपनियों के हवाई जहाज यात्रियों को गंतव्यों तक लाने-ले जाने का काम करते। अभी यह भी नहीं बताया गया है कि यहां से उड़ाने कब शुरू होंगी।

# अन्तर महाविद्यालयी टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में चमके श्रीराम के विद्यार्थी, निखिल ने स्वर्ण और आयुष ने कांस्य पदक जीता



मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)। मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर की अंतरमहाविद्यालय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन वीवी पीजी कॉलेज, शामली में किया गया, जिसमें एकल पुरूष वर्ग टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में बीपीएड के छात्र निखिल भारद्वाज द्वारा स्वर्ण पदक तथा बीपीएड के छात्र आयुष बालियान द्वारा कांस्य पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।
श्रीराम कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि यह टेबिल टेनिस प्रतियोगिता वीवी पीजी कॉलेज शामली में खेली गई, जिसमें मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से संबद्ध लगभग 10 महाविद्यालयों ने प्रतिभाग किया।
टीम स्पर्धा में महिला वर्ग में श्रीराम कॉलेज उपविजेता रहा। एकल प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में बीपीएड के छात्र निखिल भारद्वाज द्वारा स्वर्ण, आयुष बालियान द्वारा कांस्य पदक जीता गया। महाविद्यालय आगमन पर स्वर्ण पदक निखिल भारद्वाज और कांस्य पदक विजेता आयुष बालियान तथा टेबिल टेनिस महिला वर्ग की टीम को श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज के चेयरमैन डा. एससी कुलश्रेष्ठ द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्या डॉ. प्रेरणा मित्तल ने पदक जीतने पर बधाई दी। कॉलेज के निदेशक डा. अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी ने हर्ष व्यक्त किया। निदेशक डा. एसएन चौहान, डीन डा. सौरभ मित्तल, प्रमोद कुमार तथा प्रवक्ता भूपेन्द्र कुमार, डा. अब्दुल अजीज खान, संदीप देशवाल, अमरदीप, प्रशांत, विश्वदीप कौशिक तथा तरूण आदि उपस्थित रहे।

## शाहजहांपुर में छात्रा से वैन चालक ने किया दुष्कर्म



शाहजहांपुर 05 नवंबर (वार्ता)। उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र में सोमवार को कक्षा आठ में पढ़ने बाली नाबालिग छात्रा से वैन चालक ने कथित रूप से दुष्कर्म किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी वैन ड्राइवर कर गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) राजेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि थाना कांट के एक प्राइवेट विद्यालय में कक्षा 8 की एक छात्रा अपने घर थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र से वैन से कांट क्षेत्र में स्थित विद्यालय में पढ़ने जाती थी। छात्रा को घर से वैन चालक शिवांशु (20) विद्यालय ले जाता था और वापस घर छोड़ जाता था। सोमवार को सुबह चालक छात्रा को घर से विद्यालय लेकर गया परंतु वह विद्यालय ना ले जाकर बहाने से अपने घर ले गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद चालक ने छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और छात्रा को डराया कि अगर किसी को बताया तो जान से मार देगे छात्रा जब घर वापस आई तो उसने घटना अपने परिजनों को बताई इसके बाद थाने में मामले की शिकायत सोमवार को दर्ज कराई गई।

## झारखंड में भाजपा ने 30 बागियों को किया निष्कासित

रांची, 05 नवंबर (वार्ता)। झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देशन पर महामंत्री व सांसद डॉ.प्रदीप वर्मा ने विधानसभा चुनाव में अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ नामांकन कर पार्टी की नीतियों के विरुद्ध विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे ऐसे 30 भाजपा के बागी नेताओं को पार्टी से 6 वर्षों के लिये निष्कासित किया है। भाजपा प्रदेश कार्यालय से आज जारी विज्ञप्ति के अनुसार चंद्रमा कुमारी पलामू ,कुमकुम देवी हजारीबाग, लक्ष्मी देवी पलामू, जूली यादव दुमका, बलवंत सिंह लातेहार, अरविंद सिंह खरसावां, बटेश्वर मेहता हजारीबाग, भैय्या बांके बिहारी हजारीबाग, चितरंजन साव बोकारो, कर्नल संजय सिंह पलामू, हर्ष अजमेरा हजारीबाग, हजारी प्रसाद साहू रांची ग्रामीण, मिसिर कुजूर गुमला, मिस्त्री सोरेन पाकुड, मुकेश कुमार शुक्ला पाकुड, पुष्परंजन पलामू और राजकुमार सिंह जमशेदपुर महानगर को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित किया गया है।

## मध्य प्रदेश में शासकीय नियुक्तियों में महिलाओं को 35 फीसदी आरक्षण

भोपाल, 05 नवंबर (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक में महिलाओं को मध्यप्रदेश लोकसेवा आयोग की ओर से मिलने वाली शासकीय नियुक्तियों में 35 फीसदी आरक्षण को स्वीकृति दी गई। बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने इस संबंध में संवाददाताओं को बताया कि मध्यप्रदेश सिविल सेवा में महिलाओं की नियुक्ति के लिए आरक्षण को 33 फीसदी से बढ़ाकर 35 फीसदी कर दिया गया है। ये अहम निर्णय सभी विभागों में नियुक्ति के लिए होगा। उन्होंने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए कैबिनेट द्वारा प्रदेश में आज 254 नगद नए उर्वरक केंद्र खोलने की स्वीकृति दी गई है। इससे डिफाल्टर

किसानों को

**कुरीतियों पर कुठाराघात...** भाकियू अध्यक्ष ने किसान बिरादरी की आर्थिक स्थिति खराब होने का दावा कर दी खर्च में कटौती की सलाह

# शादी और तेरहवी में कम खर्च करें किसान: नरेश टिकैत



बागपत 05 नवंबर (वार्ता)। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि फसलों का सही मूल्य नहीं मिलने से किसान की आर्थिक स्थिति खराब है। ऐसे हालात में किसानों को शादी-ब्याह व तेरहवीं में दिखावे के प्रचलन को बंद कर खर्च में कटौती करनी चाहिए।
श्री टिकैत बिनौली ब्लाक के दादरी गांव में किसानों की बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गन्ना मूल्य, लागत के हिसाब से काफी कम है। जिसको लेकर किसानों की लड़ाई लड़ी जा रही है। सरकार को भी किसानों के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने कहा कि फ़सल के उचित व समय पर दाम नही मिलने से किसानो की आर्थिक स्थिति आज खराब है। इसलिए शादी ब्याह व तेरहवी में दिखावे के लिए किए जा रहे खर्च को कम करना चाहिए। इससे आपसी प्रेम भाईचारा भी कम हो रहा है। रोज आपस में लड़ाई झगड़े हो रहे है, जिससे किसानो की उन्नति प्रभावित हो रही है। उन्होंने अपने एक 19 साल तक अदालत में चले एक मुकदमे का हवाला देते हुए लड़ाई झगड़ों से बचने की भी सलाह दी। इससे पूर्व उन्होंने गांव के बाहर स्थित खतौली मिल के गन्ना क्रय केंद्र का शुभारंभ भी किया। यशवंत तोमर के संचालन में हुई बैठक में काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## योगेश शर्मा बने भाकियू के वेस्ट यूपी महासचिव, नवीन राठी को मिली जिलाध्यक्ष पद की कमान

मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन की आड़ में विशेष सुख भोगने वाले दिग्गजों के पर करतने के बाद भाकियू शीर्ष नेतृत्व ने फिर से संगठन में जिम्मेदारी देने का क्रम शुरू कर दिया है। मंगलवार को इस कड़ी में जहां भाकियू के जिलाध्यक्ष रहे योगेश शर्मा को वेस्ट यूपी में महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, वहीं अब तक भाकियू में सहारनपुर मंडल में जिम्मेदारी निभाने वाले भूराहेड़ी निवासी नवीन राठी को मुजफ्फरनगर जिलाध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा डाल्लेवाला सहारनपुर निवासी अशोक कुमार को मंडल अध्यक्ष बनाया है। शीर्ष नेतृत्व ने नवनियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा की है कि वें संगठन और बाबा टिकैत जी की नीतियों के साथ ही कार्यक्रम आदि का प्रचार-प्रसार करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने का कार्य करते रहेंगे। बता दें, बीते 6 अक्टूबर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित बाबा टिकैत जयंती में शामिल होने पर शीर्ष नेतृत्व ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नरेश टिकैत की संतुति पर जिले में अनुशासन समिति के साथ जिला, तहसील व ब्लॉक स्तर की कमैटियों को भंग भी कर दिया था। उस वक्त भाकियू जिलाध्यक्ष ने बताया था कि जिला, ब्लॉक और तहसील कार्यकारिणी तत्काल प्रभाव से भंग की गई हैं। अब भविष्य में पुनर्गठित होने वाली उक्त जिला, ब्लॉक व तहसील कार्यकारिणी में केवल वही कार्यकर्ता पद के लिए आवेदन कर सकेंगे, जिन पर संगठन के कार्यक्रमों व धरना प्रदर्शनों में भाग लेने के लिए स्वयं का ट्रैक्टर-ट्रॉली व कम से कम 15 लोगों की अपनी टीम होगी।

## सलमान खान को मिली जान से मारने की एक और धमकी



मुंबई, 05 नवंबर (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को मंगलवार को जान से मारने की एक और धमकी मिली है जिसमें उन्हें माफी मांगने या जिदा रहने के लिए पांच करोड़ रुपये देने को कहा गया है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस के हेल्पलाइन नंबर पर एक महीने में यह चौथा धमकी भरा संदेश है। मुंबई पुलिस ने कहा कि उन्हें मंगलवार को सुबह करीब 12.30 बजे मुंबई ट्रैफिक कंट्रोल रूम के हेल्पलाइन नंबर पर एक संदेश मिला, जिसके बाद वर्ली पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया। उन्होंने कहा कि संदेश भेजने वाले ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का भाई बताया। उसने अभिनेता को जिदा रहने के लिए दो विकल्प दिये- या तो मंदिर में माफी मांगें अथवा पांच करोड़ रुपये दें अन्यथा उनके गिरोह के सदस्य उन्हें मार देंगे। पुलिस का मानना है कि अज्ञात नंबर से भेजा गया यह संदेश एक धोखा है। उन्होंने कहा कि हम मामला दर्ज करने की प्रक्रिया में हैं। संदिग्ध का पता लगाने के लिए एक टीम को पहले ही नियुक्त कर दिया गया है।

## बांदीपोरा में सुरक्षा बलों की आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़

श्रीनगर,05 नवंबर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में मंगलवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि सुरक्षा बलों ने चुंटपटरी इलाके में घेराबंदी और तलाश अभियान छेड़ा था। इसी दौरान दौरान आतंकवादियों से आमना-सामना हो गया और दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गयी। उन्होंने बताया कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक मुठभेड़ जारी थी। इलाके में कड़ी घेराबंदी सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। इससे पहले शुक्रवार की रात बांदीपोरा के पनार इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई थी।

## ईशनिंदा रोकने के लिये कानून बनाने की मांग को लेकर 26 दिनों से टावर पर चढ़ा है सिख युवक

**शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष ने युवक की मांग को बताया सही**

अमृतसर, 05 नवंबर (वार्ता)। ईशनिंदा के मामलों में आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर युवा सिख पिछले 26 दिनों से टावर पर चढ़ा हुआ है। शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह ने मंगलवार को गुरजीत सिंह खालसा की मांग का समर्थन करते हुये कहा कि सरकारों को इस पर गंभीरता दिखानी चाहिये और ऐसे मामलों को रोकने के लिए भी काम करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि ईशनिंदा का मामला बेहद गंभीर है और सिख संगठन शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी हमेशा दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिये प्रयासरत रही है। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी की आम बैठक के दौरान कई बार प्रस्ताव पारित कर ईशनिंदा के मामले में दोषियों को कड़ी सजा देने के लिये कानून पारित करने के लिये सरकारों को लिखा जा चुका है, लेकिन अफसोस की बात है कि बेहद गंभीर मामले को भी सरकारों ने गंभीरता से नहीं लिया। शिरोमणि कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि सख्त कानून न होने के कारण धार्मिक ग्रंथों की बेअदबी के मामले में पकड़े गये आरोपी अक्सर जल्द ही रिहा हो जाते हैं, जिससे संगत की भावनायें आहत होती हैं। उन्होंने कहा कि शिरोमणि कमेटी इस युवक के संघर्ष का समर्थन करती है। इस संबंध में आज शिरोमणि कमेटी के पूर्व कनिष्ठ उपाध्यक्ष बाबा बूटा सिंह ने गुरजीत सिंह खालसा के संघर्ष में शामिल होकर हर तरह के समर्थन की प्रतिबद्धता जताई है। एडवोकेट धामी ने सरकारों से इस गंभीर मामले पर गंभीर होने और सिख भावनाओं को देखते हुये सख्त कानून बनाने को भी कहा।

## रिया, अनामिका, प्रियांशी और उमर परीक्षा में अव्वल



मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)। मां शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा बीएससी (विज्ञान) चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित किया गया, जिसमें एस डी कॉलेज ऑफ कॉमर्स का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों को प्राचार्य डा. सचिन गोयल एवं विभागाध्यक्षा डा. मोनिका रूहेला द्वारा परीक्षा में उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। बीएससी (जीव विज्ञान समूह) से रिया त्यागी व उमर गाजी ने संयुक्त रूप से 86 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर सबिया परवीन ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किये व विशाखा ने 81 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी (गणित समूह) से अनामिका व प्रियांशी चौधरी ने संयुक्त रूप से 89 प्रतिशत अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर अनमोल, आर्यन व राहुल ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त किये तथा वंशिका ने 77 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य डा. सचिन गोयल ने उनके इस प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सभी छात्र/छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। डा. मोनिका रूहेला व सभी शिक्षकों ने कहा कि सफलता उन्हीं को मिलती है, जिनके जीवन का एक लक्ष्य होता है। डा. महेन्द्र सिंह, डा. सौरभ जैन, डा. नीरज कुमार, डा. ज्ञानेन्द्र कुमार पाण्डेय, डा. बुशरा आकिल, मोनिका पंवार, रजत धारीवाल, ओंमकार सिंह, शेखर सिंह, वंशिका गुप्ता, शिखा पाल, अंजली त्यागी, राखी धीमान, उरूज फातिमा, कनिष्ठा मालियान, अनमोल व दीपक आदि मौजूद रहे।

## बस से कुचलकर पिता-पुत्री की मौत, दो बच्चे हुए घायल

देहरादून, 05 नवंबर (वार्ता)। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में मंगलवार को एक यात्री बस और मोटर साइकिल (बाइक) की आमने-सामने हुई भिड़ंत हो गई जिससे बाइक चला रहे व्यक्ति और उसकी एक पुत्री की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि उसके दो अन्य बच्चे बुरी तरह घायल हो गए। उत्तरकाशी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र सिंह पटवाल ने बताया कि आज सुबह लगभग 10:00 बजे तहसील बड़कोट के नौगांव में सौजी के पास देहरादून से आ रही एक बाइक संख्या यूके 07एएल-1969 और विपरीत दिशा नौगांव से देहरादून की ओर जा रही बस वाहन संख्या यूके 07 पीए 4427 में भिड़ंत हो गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में बाइक चला रहे सर्जन लाल (38) पुत्र हरिलाल, निवासी ग्राम भकोली, तहसील पुरोला, उत्तरकाशी और पीछे बैठी उनकी पांच वर्षीया पुत्री सिमरन की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। उसकी दूसरी पुत्री गुर्जन (12) और पुत्र सत्यम (10) वर्ष गम्भीर रूप से घायल हो गए।

## एआरपी ने निरीक्षण कर पूछे प्रश्न तो छात्रों ने दिए सही उत्तर



बुढ़ाना, 05 नवम्बर (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र के गांव बवाना में स्थित कंपोजिट विद्यालय आजकल निपुण विद्यालय बनने के लिए पूर्ण मेहनत और लगन के साथ साथ सभी बिंदुओं पर खरा उतर रहा है।
एआरपी अमीर अहमद के विजिट के दौरान कंपोजिट विद्यालय बवाना के बच्चे शत प्रतिशत यूनिफॉर्म में मिले। अमीर अहमद एआरपी के द्वारा जब बच्चों का निपुण एसेसमेंट टेस्ट लिया गया, तो सभी बच्चों ने सभी प्रश्नों के उत्तर सही सही दिए। बताया जाता है कि पूर्ण लग्न और मेहनत के साथ कंपोजिट विद्यालय बवाना का समस्त स्टाफ सही कार्य कर रहा है तथा इसके लिए सभी शिक्षक बधाई के भी पात्र हैं। यहां पर विद्यालय की इंचार्ज विनीता मलिक, शिक्षक प्रवेश कुमार, शिक्षिका क्षमा जांगिड तथा शिक्षिका काजल धामा सभी पूर्ण निष्ठा तथा मेहनत से कार्य कर रहे हैं। इस विद्यालय का पुस्तकालय और प्रेयर ग्राउंड में 80 प्रतिशत से भी ज्यादा बच्चों की उपस्थिति वाकई तारीफ के काबिल है।


## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र इलयास निवासी ग्राम सिकन्दरपुर थाना मीरापुर जिला मुजफ्फरनगर पिछले काफी दिनों से गलत संगत में पड़ गया है और हमारे कहने-सुनने में नहीं है हमारा उससे कोई मतलब वास्ता नही है यदि कोई व्यक्ति उससे किसी भी प्रकार का लेन-देन या व्यवहार करता है या वह किसी भी प्रकार की गतिविधि में लिप्त पाया जाता है तो उसके लिए हमारी कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। उससे हमने सम्बन्ध विच्छेद किया हुआ है।

इलयास पुत्र मुन्ना
निवासी ग्राम- सिकन्दरपुर
थाना- मीरापुर, जिला- मुजफ्फरनगर


## नेट एग्जाम के लिए छात्रों को कराई ओएमआर शीट की प्रैक्टिस



बुढ़ाना, 05 नवम्बर (बु.)। ब्लॉक क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के दिशा निर्देशन में समस्त एआरपी बड़ी मेहनत के साथ कार्य कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार के दिन ब्लाक के सभी एआरपी ने बुढ़ाना क्षेत्र के सभी स्कूलों में जा जाकर निपुण लक्ष्य के द्वारा छात्र छात्राओं का असेसमेंट किया और साथ ही साथ आगामी 18 नवम्बर को और अगले दिन 19 नवंबर को होने जा रही नेट परीक्षा की तैयारी कराई, जिसमें नेट परीक्षा के लिए छात्र छात्राओं को ओएमआर शीट की भी प्रैक्टिस कराई जा रही है। बताया जाता है कि बुढ़ाना ब्लॉक में एसआरजी विनीत कुमार भी इस परीक्षा के लिए अपना पूरा योगदान दे रहे हैं और समय समय पर एआरपी टीम के साथ भी सामंजस्य बनाने में लगे हैं। यहां तक वे सभी की ऑनलाइन मीटिंग भी ले रहे हैं। इसमें बुढ़ाना की टीम से जुड़े उम्मेद अली, अमीर अहमद, मनोज कुमार, सत्येंद्र कुमार तथा प्रीति चौहान अपने लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण कर्तव्य के साथ कार्य कर रही हैं तथा विद्यालय के अध्यापकों का भी सहयोग कर रहे हैं। कुल मिलाकर बुढ़ाना ब्लॉक निपुणता की तरफ बढ़ रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के प्रयास के साथ एवं एआरपी टीम के सहयोग से निपुण ब्लॉक बन जाएगा।

## क्रिकेटर सुरेश रैना ने किये कैंची धाम के दर्शन



नैनीताल, 05 नवंबर (वार्ता)। भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सुरेश रैना मंगलवार को कैंची धाम पहुंचे और बाबा नीम करौरी महाराज के दर्शन किये। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री रैना आज सुबह कैंची धाम पहुंचे और उन्होंने कैंची धाम में नीब करौरी महाराज के दर्शन किये। उन्होंने पूजा अर्चना की और ध्यान कक्ष में बैठ कर कुछ देर ध्यान लगाया। साथ ही बाबा की शिला पर फूल माला चढ़ाई। मंदिर प्रबंधक भयू साह और अन्य पदाधिकारियों की ओर से उनका स्वागत किया गया। वह यहां कुछ देर ठहरे। इस दौरान उन्होंने मंदिर पदाधिकारियों से वार्तालाप की। रवाना होने से पहले श्री रैना ने कहा कि उन्हें आज नीम करौरी महाराज के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। इससे उन्हें बड़ी शांति मिली।


सौरासिस
32 वर्षों से प्रसिद्ध देशी इलाज
● एलर्जी ● सफेद दाग
● पित्ती उछलना ● खाल खुजली
डा० जगदीश गर्ग
163,चौधरी चरण सिंह मार्किट (प्रथम मंजिल)
महावीर चौक रोड, मुज़फ़्फ़रनगर

★ जिरयान व धात जाना ★ शीघ्र पतन
★ नामर्दी व सुस्ती ★ स्वप्न दोष
★ वीर्य में Sperm Count & Motility की कमी के रोगी अवश्य मिलें।
मिलने का समय: केवल सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक
Mob.: 9410064040 रविवार अवकाश



कार्यालय मुजफ्फरनगर सहकारी क्रय-विक्रय समिति लिमिटेड, मुजफ्फरनगर
39-ए नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

पत्रांक: मीमो/सह0/नीलामी/2024-25 दिनांक 06-11-2024

विज्ञापन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर सहकारी क्रय-विक्रय समिति लि0 के मुख्यालय 39-ए नई मण्डी, मुजफ्फरनगर में खड़े पीपल के पेड़ की नीलामी जड़ सहित जिला वन अधिकारी के द्वारा किये गये मूल्यांकन दिनांक 05.07.2024 के क्रम में समिति के मुख्यालय 39-ए नई मण्डी, मुजफ्फरनगर पर दिनांक 16.11.2024 को प्रातः 11.00 बजे गठित समिति की उपस्थिति में की जायेगी। नीलामी में भाग लेने वाले बोलीदाता को अंकन 20,000/-(बीस हजार रूपये) धरोहर राशि के रूप में एवं अपने आधार कार्ड की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति समिति में जमा करना अनिवार्य होगा। अधिकतम बोलीदाता के पक्ष में नीलामी छोड़ी जायेगी। नीलामी उपरान्त अधिकतम बोलीदाता को वन विभाग से पातन अनुमति प्राप्त करनी होगी जिसकी जिम्मेदारी स्वयं बोलीदाता की ही होगी। नीलामी प्रक्रिया को बिना कारण बताऐं निरस्त करने का अधिकार गठित कमेटी में निहित होगा।

सचिव
मुजफ्फरनगर सहकारी क्रय-विक्रय समिति लि0
/सदस्य नीलामी कमेटी

अपर जिला सहकारी अधिकारी
तहसील सदर/
अध्यक्ष नीलामी कमेटी

सभापति
सदस्य नीलामी कमेटी




संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2024

सम्पादक की क़लम से

## योगी और विधानसभा चुनाव प्रचार

झारखण्ड और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हैं, योगी आदित्यनाथ दोनों राज्यों में चुनाव प्रचार कर रहे हैं, कमाल यह है कि दोनों ही राज्यों में योगी आदित्यनाथ की खूब डिमांड है। हरियाणा चुनाव में उनका करिश्मा देखा गया। अगले कुछ दिनों तक बड़े नेता दोनों राज्यों में तूफानी दौरा करेंगे। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी महाराष्ट्र में 11 रैलियां करेंगे। आठ नवंबर से पीएम मोदी की जनसभा की शुरूआत होगी। 6 नवंबर को राहुल गांधी भी नागपुर से चुनाव प्रचार की शुरूआत करेंगे। 18 अक्तूबर की शाम को चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री योगी आदित्य नाथ मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र में 15 चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वह पीएम मोदी से अधिक जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। एक्सपर्ट मानते हैं कि महाराष्ट्र में योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी और 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले नारे का असर भी महाराष्ट्र चुनाव में दिखेगा।हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ का करिश्मा लोगों ने देखा। जम्मू-कश्मीर में योगी आदित्यनाथ का स्ट्राइक रेट 90 फीसदी और हरियाणा में करीब 65 फीसदी रहा। जम्मू में योगी ने पांच विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियां कीं, जिनमें से चार पर बीजेपी को जीत मिली। बीजेपी किश्तवाड़ और कठुआ जैसे मुस्लिम बाहुल्य सीट पर जीतने में सफल रही। किश्तवाड़ में पहली बार बीजेपी की शगुन परिहार ने कमल खिलाया। हरियाणा में भी योगी आदित्यनाथ ने 20 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार किया, जिनमें से 13 पर बीजेपी को जीत मिली। यह जीत कांटे के मुकाबले में बीजेपी को तीसरी बार हरियाणा की सत्ता तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण साबित हुई। योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा में असंध से चुनावी रैली की शुरूआत की थी। इस सीट ही से राहुल गांधी प्रचार में उतरे थे। असंध में बीजेपी को जीत मिली। हरियाणा चुनाव में भी योगी आदित्यनाथ का नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' खूब चला। इस नारे ने ग्राउंड पर इस कदर कमाल किया कि बीजेपी ने एंटी इम्कबेंसी और कांग्रेस के नैरेटिव को धवस्त कर दिया। यह नारा जुबान पर इस कदर चढ़ा कि गैर चुनावी राज्यों में भी बीजेपी समर्थक इसे आजमाने लगे। इस नारे की लोकप्रियता का आलम यह है कि कनाडा के मन्दिर में हुए हमले के बाद हिंदू समुदाय ने अपने प्रदर्शन में 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे लगाए। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद मुंबई सहित राज्य के कई हिस्सों में योगी आदित्यनाथ की तस्वीर के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के बैनर पोस्टर लगाए गए। एक्सपर्ट मानते हैं कि चुनाव में एमवीए के लिए मुस्लिम वोटरों की एकजुटता का जवाब इस नैरेटिव से दिया जा सकता है। इससे पहले के चुनाव में बाबा का बुलडोजर भी काफी लोकप्रिय और प्रभावी साबित हुआ था। चुनाव प्रचार के दौरान योगी आदित्यनाथ अपने भाषण की शुरूआत महिला सम्मान, किसान और विकास जैसे मुद्दों से करते हैं।' युवाओं के हाथ में तमंचा नहीं टेबलेट होना चाहिए', यह भी उनका पसंदीदा वाक्य है। इसके बाद मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए काम के जरिये आतंकवाद को लेकर कांग्रेस को निशाने पर रखते हैं। आतंक की बात होती है, तो पाकिस्तान की चर्चा लाजिमी है। पाकिस्तान और आतंकवाद के साथ ही वह अपना संदेश साफ कर देते हैं। दंगों की चर्चा करते हैं, तो बुल्डोजर एक्शन के बारे में बताते हैं। राम मंदिर की चर्चा के साथ योगी सभा में मौजूद के लोगों को अयोध्या में दर्शन का निमंत्रण भी देते हैं। जब समां बंध जाता है, तो वह सभा में मौजूद लोगों से संवाद भी करते हैं। यूपी में सड़कों पर नमाज बंद, मस्जिदों में लगे लाउड स्पीकर हटाने और अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर एक्शन पर भी जनता का फीडबैक लेते हैं। हरियाणा में राहुल गांधी के जातिगत आरक्षण के जवाब ही में उन्होंने 'बंटेंगे तो कटेंगे' का नारा दिया, जो प्रसिद्ध हो रहा है। कुछ दिन पहले मुंबई के अंधेरी, बांद्रा कला नगर, ठाणे, जोगेश्वरी जैसे कई क्षेत्रों में योगी आदित्यनाथ के चित्र के साथ उनका नारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' भी लिखा हुआ था। ये बैनर मुंबई भाजपा सदस्य विश्वबंधु राय ने लगाए थे। पत्रकारों से बात करते हुए विश्वबंधु राय ने कहा, योगी आदित्यनाथ के मुंबई और महाराष्ट्र में कई प्रशंसक हैं। मैंने यह संदेश देने के लिए बैनर लगाए थे कि महाराष्ट्र में होने वाले चुनाव में हिंदुओं को एकजुट होना चाहिए। वे कहते हैं, योगी आदित्यनाथ ने नारा दिया था कि अलग-अलग जातियों में बंटने की बजाय हिंदू बनकर एक साथ रहो। इसलिए ये बैनर मुंबई में भी लगाए गए। योगी आदित्यनाथ को सिर्फ.उत्तर भारतीय वोटों के लिए नहीं, बल्कि एक हिंदू आइकन के रूप में महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार में भेजा गया है। बहुत से राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि योगी जी को महाराष्ट्र भेजना महाराष्ट्र में मराठा और ओबीसी आधारित वोटिंग पर काबू पाने की भाजपाई कोशिश है, यह हिंदुओं को एकजुट करने की कोशिश है, ऐसा करके जाति आधारित मतदान पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है।कल योगी आदित्यनाथ झारखंड में पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर रहे थे, इस दौरान एक रैली में योगी आदित्यनाथ ने लोगों से एकजुट रहने की अपील की और कहा कि एक रहिए, नेक रहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये समय बंटने का नहीं है।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरियाणा विधानसभा की तरह झारखंड में भी प्रचंड बहुमत से बीजेपी की सरकार बनेगी। इसके अलावा उन्होंने ये भी कहा कि अयोध्या के बाद अब लोगों को मधुरा में भगवान कृष्ण के दर्शन होंगे।अपनी सभा में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि झारखंड खनिज सम्पदाओं से परिपूर्ण प्रदेश है, लेकिन भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश आगे नहीं बढ़ सका। उन्होंने आलमगीर आलम पर निशाना साधते हुए कहा कि जिस तरह औरंगजेब ने देश लूटा था, उसी तरह आलमगीर आलम ने झारखंड का पैसा लूटकर रखा था। योगी आदित्यानाथ ने कहा कि देश की सुरक्षा के साथ बीजेपी ने कभी समझौता नहीं किया है। कांग्रेस के युग मे चीन आंख दिखता था, लेकिन आज पीछे हट रहा है। कोडरमा में योगी आदित्यानाथ ने कहा कि बीजेपी ने कश्मीर में धारा 370 हटाकर खुशहाली अम्न चैन कायम किया है। वहीं पाकिस्तान के बारे में कहा कि आज भारत के नाम ही से पाकिस्तान थर-थर कांपता है। आज भारत इतना शक्तिशाली है कि सभी आतंकवादी अपने बिल में घुसे हुए हैं।

### चार दीप

सुनील उत्सव

"शक्ल" "सिलसिले" "सियासत" "पैंतरे"
शक्ल से शैतान बाहर आ रहा है,
अब तुम्हारे सिलसिले खुलने लगे हैं।
चल न पाएगी सियासत अब तुम्हारी,
अब तुम्हारे पैंतरे खुलने लगे हैं।

















नगर के गणमान्य लोगों ने दी छांगा पंडित जी को अंतिम श्रद्धांजलि

# सभी को अपने से लगते थे छांगा पंडित जी

**मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)।** जनपद ही नहीं जनपद के बाहर भी प्रसिद्ध वरिष्ठ ब्राह्मण पंडित श्याम शंकर मिश्र उर्फ छांगा पंडित जी को नगर के गणमान्य लोगों ने आशीर्वाद बैंकट हॉल में विनम्र श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित मंत्री कपिल देव अग्रवाल, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, समाजसेवी सत्यप्रकाश रेशू, उद्यमी सतीश चंद गोयल, बलदेव दुआ आदि ने एक स्वर में एक ही बात कही कि पंडित जी का व्यक्तित्व ऐसा था कि जिससे भी वह मिलते थे, अपने आदर-सत्कार से उसे अपना मान लेते थे। एक व्यक्ति द्वारा सभी को अपना बना लेना, यह कला शायद ईश्वर ने ही उनके अंदर विराजमान की हुई थी। अमूमन देखा जाता है कि जब किसी की ख्याति बढ़ती है तो कई सज्जन और कई दुश्मन बनते हैं, मगर छांगा पंडित जी ने प्रेम की कमाई की। कभी भी उन्होंने कोई भी शुभ कार्य कराते हुए दक्षिणा की चाहत नहीं रखी, जिसने जो दिया, उसे सहर्ष स्वीकार कर लिया। सभा में उपस्थित सैंकड़ों ब्राह्मणों ने भी एक स्वर में उदाहरण देते हुए कहा कि पंडित जी उनके दिल और दिमाग में हमेशा जीवित रहेंगे। ब्राह्मणों ने बताया कि जब वो दाल मंडी से चलते थे, तो रिक्शा वालों में होड़ लग जाती थी कि पंडित जी को तुम नहीं हम बैठाकर चलेंगे और पंडित जी ने कभी भी छोटे से छोटे व्यक्ति का भी हक नहीं रखा, जिस रिक्शा में वह बैठे तक नहीं, उसको भी कुछ न कुछ देकर आगे बढ़ते थे। पंडित श्याम शंकर मिश्र यूं तो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गये हैं, तीन बेटियां, तीन बेटे, नाती पोतों से भरा परिवार, धन की संपन्नता, किसी भी प्रकार की कमी परिवार को नहीं महसूस हुई, मगर पंडित जी का जाना परिवार के लिए एक बड़ा दुख है, क्योंकि बड़े जब तक जीवित रहते हैं, वह ठण्डी छांव की तरह अपने बच्चों को छाया देते दिखाई पड़ते हैं। पंडित जी के कथाओं की चर्चा मुजफ्फरनगर ही नहीं, देश-विदेश में भी होती थी। आज भी श्रद्धांजलि सभा के समय गुजरात में कथा कर रहे ज्ञानानंद जी महाराज ने फोन पर सार्वजनिक रूप से दिवंगत छांगा पंडित जी की विद्वानता का व्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि वह मधुर भाषी होने के साथ साथ ज्ञानवान भी थे और अपनी अद्‌भुत कला से सभी का मन मोह लेते थे। मुजफ्फरनगर में ही ब्राह्मण समाज के लिए वह वट वृक्ष के समान थे, बेशक सैंकड़ों ब्राह्मण उनके शिष्य रहे। मगर उनकी कमी हमेशा इन शिष्यों और उनके परिवारों को खलती रहेगी। श्रद्धांजलि सभा में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, उनके पति अशोक अग्रवाल, उद्योगपति सतीश चंद गोयल, रघुराज गर्ग, समाजसेवी सत्यप्रकाश रेशू, पंडित कमलेश शास्त्री, संतोष मिश्र, गौरव स्वरूप, अशोक कंसल, सुनील सिंघल, घनश्याम अरोरा, प्रेम प्रकाश अरोरा, दीप अरोरा, सतीश गोयल, श्रवण गोयल, राहुल कुमार गोयल, अमरीश गोयल, डॉ. पुनीत गर्ग, धमेन्द्र तायल एडवोकेट, अमर कांत गुप्ता एडवोकेट, बलदेव दुआ, पंडित कमलेश शास्त्री, पंडित सन्तोष शास्त्री, पंडित रामदेव शर्मा, पंडित राम कुमार मिश्रा, पंडित सतीश शर्मा, पंडित रामदेव शर्मा, पंडित राम कुमार मिश्रा, पंडित सूरज, पंडित बृज बिहारी अत्री, पंडित ध्यानचन्द कुश, पंडित मोहन, पंडित कृष्णानन्द, पंडित घनश्याम शास्त्री, रविश मिश्रा के अलावा परिवार के लोगों में भाई पं. चौहरजा प्रसाद मिश्र, पुत्र पं. राकेश मिश्रा, पं. राजेश मिश्रा, पं. सतीश मिश्रा, भतीजे पं. रमेश मिश्रा, पं. कृष्णानंद, पं. विनोद, राजकुमार, मनोज, पौत्र पं. पार्थ, आर्यन, कृष्णा, विश्वास, आकाश, शुभ, आशुतोष, नमन, शिवम आदि मौजूद रहे।

## क्रॉस कंट्री में एसडी कॉलेज बना चैंपियन



**मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)।** बीते दिवस मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की ओर से संपन्न अंतर महाविद्यालय क्रॉस कंट्री हुई प्रतियोगिता में सनातन धर्म महाविद्यालय की टीम चैंपियन चुनी गई। मंगलवार को टीम का कॉलेज में स्वागत किया गया। कॉलेज की यह टीम प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए नगर के जानसठ रोड स्थित एसवीएम कॉलेज मुजफ्फरनगर में संपन्न हुई थी। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की महिला और पुरुष दोनों ने चैंपियन बन सफलता का परचम फहराया। इस बीच महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर ने सभी टीम के खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की शिवानी गोस्वामी, असमीना कश्यप, तालिब, गौतम, मनीष का नॉर्थ जोन कॉम्पीटिशन के लिए चयन हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रोफेसर अजय पाल, डॉ. अरविंद पंवार शारीरिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष डॉ. नितिन कुमार सिंह, डॉ. अंशुल शर्मा, एचओडी बीपीईडी विभाग, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. चंद्रमणि, डॉ. कर्मजीत कौर, डॉ. नागेंद्र आदि मौजूद रहे।

## दूसरे दिन भी धरने पर ही जमे रहे कचहरी में अधिवक्ता

**- कचहरी एवं तहसील में जारी बंदी से हलकान हुए आमजन - गाजियाबाद घटना के विरोध में वकीलों का धरना जारी**



**मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)।** गाजियाबाद कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं के साथ की गई मारपीट के विरोध में केन्द्रीय संघर्ष समिति के आह्वान पर जनपद में अधिवक्ता दूसरे दिन भी कामबंद हड़ताल पर रहे। इस बीच कचहरी और तहसील में कामकाज नहीं होने से लोगों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बीच जिला व सिविल बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने कचहरी में मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की मांग की। कचहरी में अधिवक्ताओं के धरने का नेतृत्व कर रहे बार संघ अध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने कहा कि देश के इतिहास में पहली घटना है, जब किसी न्यायालय परिसर में न केवल पुलिस पहुंची, अपितु पुलिसकर्मियों ने कोर्ट रूम से बाहर अधिवक्ताओं के साथ मारपीट की। इस प्रकरण में अवमानना का मामला सिर्फ अधिवक्ताओं पर लागू नहीं होता। जिला जज पर भी अवमानना का केस किया जाए और इस बात की जांच हो कि कोर्ट परिसर में पहुंची पुलिस को किसने बुलाया। यदि पुलिस बिना लिखित आदेश के वहां पर पहुंची तो गाजियाबाद पुलिस के आला अफसरों पर भी कार्यवाही होनी चाहिए। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि इस संघर्ष में समस्त अधिवक्ता साथ हैं और एकजुट हैं। उन्होंने चेताया कि जब तक गाजियाबाद प्रकरण में वकीलों को न्याय नहीं मिलता, हम संघर्ष को जारी रखेंगे। उन्होंने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही करने की मांग उठाई। दूसरे दिन प्रदर्शन के दौरान जिला बार संघ महासचिव सुरेंद्र मलिक, अशोक कुशवाहा, अशोक चौहान, अनिल जिंदल, जितेंद्र कुमार, जितेंद्र पाल सिंह, डॉ. मीरा सक्सेना, ओमकार तोमर, प्रवीण खोखर, सौरभ पंवार, आदेश कुमार, अश्वनी शर्मा, राकेश पाल, ललित पंवार समेत अन्य सैंकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे। दूसरी ओर तहसील सदर में भी अधिवक्ताओं की कलमबंद हड़ताल से वहां कामकाज ठप रहा। ऐसे में जहां इन दो दिनों से सम्पत्ति रजिस्ट्री नहीं होने से लोग परेशान नजर आए, वहीं काफी संख्या में लोग तहसील में पहुंचे और हड़ताल की जानकारी होने पर मायूस होकर वापस घरों को लौटना पड़ा। वहीं हड़ताल के चलते रजिस्ट्री कार्यालय को भारी राजस्व की हानि भी उठानी पड़ी।

## 'कनाडा में चरमपंथी ताकतों को दी जा रही राजनीतिक पनाह', हिंदू मंदिर पर हमले की घटना पर भड़के जयशंकर





**ब्रिस्बेन, 5 नवंबर (एजेंसी)।** कनाडा में हिंदू मंदिर और हिंदू समुदाय के लोगों पर खालिस्तानियों के हमले की पूरी दुनिया में आलोचना हो रही है। अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी इस हमले को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है और घटना को बेहद चिंताजनक बताया। कनाडा में हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले की यह घटना ऐसे समय हुई है, जब भारत और कनाडा के संबंध पहले ही तनावपूर्ण हैं और इस घटना ने संबंधों में और खटास ला दी है। हालांकि घटना को लेकर कनाडा सरकार दबाव में है और खुद पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भी इसकी आलोचना की है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कनाडा के ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिर पर हुए हमले की घटना पर मंगलवार को कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि यह एक तरह से कनाडा में चरमपंथी ताकतों को दी जा रही 'राजनीतिक पनाह' की ओर इशारा करता है। कैनबरा में ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वॉन्ग के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मीडिया ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर से कनाडा की घटना को लेकर सवाल किए। इसके जवाब में जयशंकर ने कहा कि 'आपने इस मामले में हमारे आधिकारिक प्रवक्ता का बयान देखा होगा और फिर हमारे प्रधानमंत्री द्वारा चिंता व्यक्त की गई। मैं तीन टिप्पणियां करना चाहता हूं, एक, कनाडा ने बिना कोई विशेष जानकारी दिए आरोप लगाने का एक पैटर्न विकसित कर लिया है। दूसरा, जब हम कनाडा को देखते हैं, तो हमारे लिए यह तथ्य कि...हमारे राजनयिकों पर नजर रखी जा रही है, ये कुछ ऐसा है जो बिल्कुल अस्वीकार्य है। तीसरा, मुझे लगता है कि यह घटना बताती है कि वहां (कनाडा) चरमपंथी ताकतों को राजनीतिक पनाह दी जा रही है।' विदेश मंत्री 3 से 7 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कनाडा की घटना पर कहा कि, 'मैं कनाडा में एक हिंदू मंदिर पर जानबूझकर किए गए हमले की कड़ी निंदा करता हूं। हमारे राजनयिकों को डराने-धमकाने के कायराना प्रयास भी उतने ही भयावह हैं। हिंसा के ऐसे कृत्य कभी भी भारत के संकल्प को कमजोर नहीं करेंगे। हम कनाडा सरकार से न्याय सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बनाए रखने की अपेक्षा करते हैं।' उल्लेखनीय है कि सोमवार को कनाडा स्थित भारतीय उच्चायोग ने ब्रैम्पटन के हिंदू सभा मंदिर में कॉन्सुलेट कैंप का आयोजन किया था। इस कैंप के दौरान खालिस्तान समर्थकों ने हाथ में खालिस्तानी झंडा लेकर विरोध प्रदर्शन किया और कैंप में मौजूद भारतीयों पर हमला किया और उन्हें मारा-पीटा। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें खालिस्तान समर्थक भारतीयों पर हमला करते नजर आ रहे हैं। इस घटना के बाद कनाडा में रह रहे हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की। कनाडा के नेता विपक्ष ने भी घटना की आलोचना की और इसे अस्वीकार्य बताया। वहीं पीएम जस्टिन ट्रूडो ने भी घटना की निंदा की और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। इससे पहले सोमवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि 'भारत चरमपंथियों और अलगाववादियों द्वारा की गई हिंसा की निंदा करता है और उम्मीद करता है कि हिंसा में शामिल लोगों पर 'मुकदमा चलाया जाएगा'। हम कनाडा सरकार से यह सुनिश्चित करने का आह्वान करते हैं कि सभी पूजा स्थलों को ऐसे हमलों से बचाया जाए।'

## पाकिस्तान में कंगाली के हालात, अध्यापकों को आठ महीने से नहीं मिली सैलरी



**इस्लामाबाद, 5 नवंबर (एजेंसी)।** पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति खराब है और अब हालात ये हो गए हैं कि वह स्कूलों में पढ़ाने वाले अध्यापकों को सैलरी भी नहीं दे पा रही है। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा राज्य में सरकारी अध्यापकों को बीते आठ महीने से सैलरी नहीं मिली है। इसके चलते स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटक गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जिन अध्यापकों को सैलरी नहीं मिली है, वे 2200 गर्ल्स कम्युनिटी स्कूलों, 541 बेसिक शिक्षा स्कूलों और 275 नेशनल कमीशन ऑफ ह्युमन डेवलेपमेंट स्कूलों के अध्यापक हैं। गौर करने वाली बात ये है कि पाकिस्तान में सरकार ने अकुशल कामगारों का न्यूनतम वेतन भी 36 हजार पाकिस्तानी रुपये तय किया हुआ है, लेकिन अध्यापकों को मजदूरों से भी कम यानी कि 21 हजार रुपये ही वेतन मिलता है। अध्यापकों की सैलरी देने के लिए दो अरब रुपये की जरूरत है, लेकिन सरकार की तरफ से फंड जारी नहीं किया जा रहा है। फाउंडेशन ने बताया कि पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर जरीफुल मानी के स्थानांतरण के बाद अध्यापकों की सैलरी अटक गई है। अध्यापकों का कहना है कि अब उनके पास घर चलाने के लिए पैसे भी नहीं है और उन्हें भारी आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई स्कूल किराए की इमारतों में चल रहे हैं और फंड जारी न होने की वजह से इन इमारतों को खाली करने का खतरा पैदा हो गया है। यही वजह है कि कई स्कूल बंद होने के कगार पर पहुंच गए हैं।

## सरकार ने विकीपीडिया को जारी किया नोटिस, पक्षपात-गलत जानकारी से जुड़े आरोप?





**नई दिल्ली, 5 नवंबर (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने विकीपीडिया को नोटिस जारी किया है। दुनियाभर में ऑनलाइन एन्साइक्लोपीडिया के तौर पर प्रसारित विकीपीडिया को सरकार ने चिट्ठी लिखी है और उससे पेज पर दी जाने वाली जानकारी में पक्षपात और गलत तथ्यों को लेकर सवाल पूछे हैं। सरकार ने पूछा है कि सूचना देने वाले एक माध्यम की जगह विकीपीडिया को प्रकाशक क्यों नहीं माना जाना चाहिए। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर विकीपीडिया को सरकार की तरफ से यह नोटिस जारी क्यों किया गया है? आखिर विकीपीडिया पर क्या आरोप लगे हैं? उस पर गलत तथ्य मुहैया कराने को लेकर क्या कहा गया? इसके अलावा भारत से जुड़ी किन शिकायतों का जिक्र किया गया है? सूचना और प्रसारण मंत्रालय की ओर से विकीपीडिया को लिखे गए पत्र में कहा गया है कि ऐसा समझा जाता है कि एक छोटा समूह इसके पृष्ठों पर संपादकीय नियंत्रण रखता है। गौरतलब है कि यह नोटिस सितंबर में दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले के बाद आया, जिसमें विकीपीडिया के खुले संपादन फीचर को खतरनाक करार दिया गया था। जजों ने इस फीचर पर चौंकते हुए कहा था कि इस तरह बेरोकटोक संपादन, खासकर कुछ लोगों और संस्थानों की संवेदनशील जानकारी के मामले में जोखिमभरा है। हालांकि, तब विकीपीडिया के कानूनी प्रतिनिधि ने कहा था कि यूजर्स को कुछ भी संपादित या अपडेट करते वक्त वेबसाइट के कानूनी दिशा-निर्देशों का ध्यान रखना होगा। केंद्र सरकार की तरफ से विकीपीडिया को लेकर यह नोटिस ऐसे समय में जारी किया गया है, जब हाल ही में एक निजी संस्थान ने रिसर्च में बताया था कि विकीपीडिया को पूरी दुनिया में 'सिर्फ कुछ लोगों का एक छोटा समूह' ही नियंत्रित करता है। इस डोजियर में आरोप लगाया गया कि सिर्फ कुछ ही लोगों के पास विकीपीडिया की क्या सामग्री रहेगी और क्या नहीं, इस पर नियंत्रण है। वह लोग ही संपादन को प्रतिबंधित करने, संपादकों को प्रतिबंधित करने, विवादों के निपटारे में, पेज को डिलीट करने में, पेज को लॉक करने, आदि पर फैसला करता है। डोजियर में आरोप लगाया गया है कि पूरी दुनिया में विकीपीडिया के सिर्फ 435 प्रशासक (एडमिनिस्ट्रेटर्स) हैं, जिनके पास यह सब करने की ताकत है। इस रिपोर्ट में आरोप लगाया गया कि विकीपीडिया के कई संपादकों और एडमिनिस्ट्रेटर्स को विकीमीडिया फाउंडेशन को एडिटर रिटेंशन प्रोग्राम के तहत सक्रिय तौर पर भुगतान भी किया जाता है। इतना ही नहीं उन्हें प्रोजेक्ट्स के लिए ग्रांट के नाम पर भी भुगतान होता है। ऐसे में माना जा सकता है कि विकीपीडिया एक प्रकाशक संस्थान है, जिसमें सख्त संपादकीय नियंत्रण और नीति है, जिसे सभी संपादकों और प्रशासकों को मानना होता है।

## गोधराकांड का सच दिखाने आ रहा 'द साबरमती रिपोर्ट' का ट्रेलर





**मुंबई, 5 नवंबर (एजेंसी)।** विक्रांत मैसी एक बार फिर धीरज सरना की 'द साबरमती रिपोर्ट' के साथ बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं। यह फिल्म इस महीने सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इसमें राशि खन्ना और रिद्धि डोगरा भी हैं। यह फिल्म 2002 की गोधरा ट्रेन आगजनी की घटना पर केंद्रित सच्ची घटनाओं पर आधारित है। रिलीज से पहले निमार्ताओं ने ट्रेलर रिलीज की तारीख के साथ एक नया मोशन पोस्टर जारी किया। बालाजी मोशन पिक्चर्स ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर विक्रांत मैसी की फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' का एक नया आकर्षक मोशन पोस्टर साझा किया है। पोस्टर में विक्रांत को एक निडर पत्रकार के रूप में साबरमती एक्सप्रेस घटना के रहस्य को उजागर करते हुए एक कैमरा पकड़े हुए देखा जा सकता है। पोस्टर शेयर करते हुए उन्होंने घोषणा की कि ट्रेलर कल यानी 6 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। पोस्ट साझा करते हुए निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'जिसने सच देखा क्या वो सच दिखाएगा? जब सच्चाई साजिश से मिलेगी तो कौन जीतेगा? साबरमती रिपोर्ट का ट्रेलर कल रिलीज होगा।' इससे पहले टीजर में ट्रेन में आग लगते हुए दिखाया गया है, लेकिन कोई नहीं जानता कि यह हादसा था या कोई सुनियोजित अपराध। इसमें दिलचस्प संवाद और दिलचस्प दृश्य हैं, जो दर्शकों को उस जगह ले जाते हैं, जहां यह त्रासदी हुई थी और जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी।

आवश्यकता है
एक मेहनती व ईमानदार लड़के की, जो 25 किलोग्राम तक वजन भी उठा सके।
सम्पर्क करें:-
गुप्ता मार्बल एंड पेंट हाउस
37- बी, नई मंडी, मुजफ्फरनगर
(भारतीय स्टेट बैंक के सामने)
M.: 9897332511, 9319320040

इंडस्ट्रियल प्लाट बिकाऊ है
बेगराजपुर इंडस्ट्रियल एरीया में प्लाट 400 गज, प्लाट 500 गज, प्लाट 600 गज बराबर-बराबर फ्री होल्ड
टोटल जमीन 1500 गज
सम्पर्क करें-
OK 143
गुप्ता जी
M.9389067153

## जिनकी जमीन पर वक्फ बोर्ड ने किया दावा, उन किसानों से मिलने कर्नाटक जाएंगे वक्फ जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल





**नई दिल्ली, 5 नवंबर (एजेंसी)।** वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर बनी संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल गुरुवार को कर्नाटक का दौरा करेंगे। कर्नाटक में जगदंबिका पाल उन किसानों से मिलेंगे, जिनकी जमीन पर वक्फ बोर्ड ने दावा किया था और उन्हें नोटिस जारी किए थे। हालांकि भाजपा के विरोध के बाद कर्नाटक सरकार ने किसानों को भेजे गए नोटिस वापस लेने की बात कही थी। जेपीसी अध्यक्ष कर्नाटक में कई भाजपा नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। मंगलवार को भाजपा सांसद और जेपीसी के सदस्य तेजस्वी सूर्या ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में बताया कि 'वक्फ पर जेपीसी के अध्यक्ष ने वक्फ की कार्रवाई से प्रभावित किसानों से बातचीत करने के लिए 7 नवंबर को हुबली और बीजापुर का दौरा करने के मेरे अनुरोध पर सहमति व्यक्त की है।' सूर्या के अनुसार, भाजपा सांसद जगदंबिका पाल किसान संगठनों और मठों से बातचीत करेंगे और प्रभावित किसानों की याचिकाओं को जेपीसी के समक्ष रखा जाएगा। दावा है कि जिन किसानों को नोटिस मिले हैं, वे लगभग एक सदी से अपनी भूमि पर खेती कर रहे हैं, उनके पास 1920 और 1930 के दशक के रिकॉर्ड हैं। हालांकि, हाल के महीनों में, उनमें से कई को बिना किसी सबूत या स्पष्टीकरण के उनकी भूमि को वक्फ संपत्ति घोषित करने के नोटिस दिए गए हैं। किसानों का दावा है कि गांव में लगभग 1,500 एकड़ भूमि को वक्फ संपत्ति के रूप में नामित किया गया है। इस मामले को लेकर सरकार आलोचकों के निशाने पर आई तो कांग्रेस सरकार ने किसानों को भेजे गए नोटिस वापस लेने का आदेश जारी किया। भाजपा ने इस मुद्दे पर सोमवार को कर्नाटक में प्रदेश व्यापी विरोध प्रदर्शन भी किया था। भाजपा ने दावा किया है कि यह कांग्रेस की वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा है। जेपीसी के सदस्य 9 से 14 नवंबर तक पांच राज्यों की राजधानियों - गुवाहाटी, कोलकाता, भुवनेश्वर, पटना और लखनऊ का भी दौरा करेगी, ताकि विभिन्न हितधारकों के विचार सुने जा सकें।

## 18 हजार फर्जी कंपनियों का इस्तेमाल कर की गई 25000 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी

**नई दिल्ली, 5 नवंबर (एजेंसी)।** कर अधिकारियों ने माल व सेवा कर (जीएसटी) के तहत रजिस्टर्ड करीब 18,000 ऐसी फर्जी कंपनियों का पता लगाया है, जो करीब 25,000 करोड़ रुपये की कर चोरी में शामिल हैं। फर्जी कंपनियों के खिलाफ हाल ही में चलाए गए देशव्यापी अभियान में अधिकारियों ने 73,000 कंपनियों की पहचान की, जिनके बारे में उन्हें संदेह था कि वे बिना किसी वास्तविक माल की बिक्री के केवल इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाने के लिए स्थापित की गई थीं और इस तरह इन कंपनियों ने सरकारी खजाने को चूना लगाया। कर अधिकारियों ने बताया, फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरे राष्ट्रव्यापी अभियान में हमने सत्यापन के लिए लगभग 73,000 जीएसटीआईएन की पहचान की थी। इनमें से लगभग 18,000 अस्तित्वहीन पाए गए। ये फर्जी कंपनियां लगभग 24,550 करोड़ रुपये की कर चोरी में शामिल थीं। विशेष अभियान के दौरान कंपनियों की ओर से लगभग 70 करोड़ रुपये का स्वैच्छिक जीएसटी भुगतान किया गया। सरकार फर्जी जीएसटी पंजीकरण की जांच के लिए लक्षित कार्रवाई कर रही है और अधिक से अधिक भौतिक सत्यापन हो रहा है। फर्जी पंजीकरण के खिलाफ दूसरा राष्ट्रव्यापी अभियान 16 अगस्त से अक्टूबर के अंत तक चला। फर्जी पंजीकरण के खिलाफ पिछले साल 16 मई से 15 जुलाई तक चले पहले राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत जीएसटी पंजीकरण वाली 21,791 फर्जी कंपनियों का पता चला था। अभियान के दौरान 24,010 करोड़ रुपये की संदिग्ध कर चोरी की जानकारी भी सामने आई थी।

## 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा संसद का शीतकालीन सत्र

**नई दिल्ली, 5 नवंबर (एजेंसी)।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। सत्र की शुरूआत में परंपरागत तरीके से राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। इसके अलावा शीतकालीन सत्र में संसद के दोनों सदनों में कई अहम विधेयकों पर विचार किया जा सकता है। खबरों के मुताबिक सरकार 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर चर्चा करा सकती है। संसदीय परिपाटी के मुताबिक संसद सत्र के पहले सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाई जा सके, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार और लोकसभा स्पीकर सर्वदलीय बैठक भी कर सकते हैं। इससे पहले दो नवंबर को आई सूचना के मुताबिक संसद के शीतकालीन सत्र में 'वन नेशन वन इलेक्शन' और वक्फ कानून में संशोधन के लिए पेश विधेयक पर चर्चा के आसार हैं। विपक्ष के आक्रामक तेवरों को देखते हुए आगामी शीतकालीन सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। गौरतलब है कि 'वन नेशन वन इलेक्शन' के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। अब शीतकालीन सत्र में विधेयक पारित कराने पर जोर दिया जाएगा।

## 'एक रहिए, नेक रहिए, ये समय बंटने का नहीं': योगी आदित्यनाथ

**रांची, 5 नवंबर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को झारखंड में भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार किया। इस दौरान एक रैली में योगी आदित्यनाथ ने लोगों से एकजुट रहने की अपील की और कहा कि एक रहिए, नेक रहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये समय बंटने का नहीं है। अपने संबोधन के दौरान योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस नेता आलमगीर आलम की तुलना औरंगजेब से कर डाली और कहा कि जिस तरह से मुगल बादशाह औरंगजेब ने देश को लूटा था, उसी तरह से आलमगीर आलम ने राज्य को लूटा। आलमगीर आलम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे थे और उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। हजारीबाग में एक रैली के दौरान योगी आदित्यनाथ ने लोगों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि 'बीजेपी लाओ और 'एक रहो और नेक रहो'। देश का इतिहास इसका गवाह है, जब भी हमें जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर बांटा गया है, हमें बेरहमी से काटा भी गया है। हम यह दोहराते हैं, जाति के नाम पर मत बांटो। जो लोग हमें बांट रहे हैं, वे देश के साथ गद्दारी कर रहे हैं। उनके लिए देश उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं है, वे वो सब कुछ करेंगे जो भारत के खिलाफ है...यह बंटने का समय नहीं है। यह पीएम मोदी की मानसिकता के अनुसार काम करने का समय है।'



# जमीयते उलेमा की नई रिसर्च, कच्ची सड़क के मामले को बताया पैसे के लेन-देन का मामला

मुजफ्फरनगर, 05 नवम्बर (बु.)। हिन्दू संगठनों के आक्रोश के बाद कच्ची सड़क




स्थित केवलपुरी में ब्राह्मण परिवार पर हमले व गोवर्धन पर थूकने के मामले में आज एक और नया मोड आया, जिसमें जमीयते उलेमा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रिसर्च करने के बाद मीडिया को अपना बयान दिया और कहा कि उक्त मामला गोवर्धन पर थूकने का है ही नहीं यह मामला तो पैसे के लेन-देन से जुड़ा है। उन्होंने बताया कि राजीव शर्मा के परिवार ने मुस्लिमों से कर्ज ले रखा था, उसी कर्ज से बचने और लेनदारों पर दबाव बनाने के लिए यह पूरी रचना रची है। जमीयते उलेमा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ लोग मुजफ्फरनगर की मौहब्बत में जहर घोलने का काम कर रहे हैं, जबकि जमीयते उलेमा ने हमेशा अपने जनपद में मौहब्बत घोलने का काम किया है और आगे भी करती रहेगी। उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को इस मामले की पूरी जानकारी दी और मुस्लिम समाज के निर्दोष लोगों को उत्पीड़न से बचाने की गुहार लगाई। अब देखना यह होगा कि संगठन के पदाधिकारियों द्वारा बताई गयी बात कहां तक सच साबित होती है। चूंकि इस मामले में आज पीड़ित युवतियों के भी बयान कोर्ट में दर्ज हुए।

# हाइटेंशन तार की चपेट में आकर दो की मौत में आश्वासन के बाद धरना समाप्त




मृतकों के फाइल फोटो




हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलसे मृतकों के शव

शाहपुर, 05 नवम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी दो युवकों की विद्युत करंट से मौत होने के मामले में प्रशासन व अन्य विभाग के अधिकारियों ने मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया। दोनों मृतकों का गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। क्षेत्र के गांव चांदपुर निवासी 35 वर्षीय राजू व 25 वर्षीय अजय सोमवार की देर रात गांव मुबारिकपुर स्थित गन्ना तोल केंद्र से ट्रैक्टर ट्रॉला में गन्ना लादकर मंसूरपुर मिल ले जा रहे थे, जब वह गांव धनायन के पास पहुंचे, तो ट्रॉला पर लदा गन्ना हाईटेंशन लाइन से टकरा गया, जिससे करंट की चपेट में आने से दोनों युवकों की मौत हो गई। सूचना पर गांव चांदपुर व धनायन के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना देने के साथ मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिलाए जाने को लेकर दोनों के शवों को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया था। सूचना पर थानाध्यक्ष सुनील कसाना मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना पर एसडीएम बुढ़ाना राजकुमार भारती व सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने दोनों अधिकारियों से मिल व विद्युत निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करने के साथ मृतकों के परिजनों को 50 - 50 लाख रुपए की धनराशि व एक-एक नौकरी देने की मांग की। इसके बाद मंसूरपुर चीनी मिल के कैन मैनेजर मगनवीर राणा मौके पर पहुंचे और उन्होंने ग्रामीणों से वार्ता की, किंतु ग्रामीण संतुष्ट नहीं हुए। दूसरी और विद्युत निगम के एसडीओ भी मौके पर पहुंच गए। इसी दौरान वरिष्ठ रालोद नेता व पूर्व मंत्री चौधरी योगराज सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने गांव प्रधान डॉ. कुलदीप त्यागी, जिला पंचायत सदस्य यूनुस चौधरी ग्रामीण सुखपाल व मोनू त्यागी आदि के साथ अधिकारियों से वार्ता कर मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिलाए जाने को कहा, जिस पर मंसूरपुर चीनी मिल के कैन मैनेजर व विद्युत निगम के एसडीओ ने अपने उच्च अधिकारियों से वार्ता कर दोनों मृतकों के परिजनों को मिल प्रशासन की ओर से दो-दो लाख रुपए व विद्युत निगम की ओर से पांच पांच लाख रुपए की धनराशि का मुआवजा दिलाए जाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा एसडीएम बुढ़ाना ने भी ग्रामीण को मुख्यमंत्री राहत कोष के अलावा अन्य सहायता दिलाए जाने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन व ग्रामीण संतुष्ट हुए। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मंगलवार को दोपहर गमगीन माहौल में दोनों मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया।

## 'परिवार को मारना पड़ेगा, तब बढ़ेगा शराब का धंधा'

वाराणसी, 5 नवंबर (एजेंसी)। वाराणसी के भदैनी इलाके में एक शख्स द्वारा अपने ही परिवार के चार लोगों की हत्या के बाद आत्महत्या के मामले से पूरे इलाके में सनसनी मची हुई है। भदैनी स्थित पॉवर हाउस के सामने की गली में राजेंद्र गुप्ता अपनी पत्नी नीतू, बेटी गौरांगी और बेटों नवनेंद्र व सुबेंद्र के साथ रहता था। मंगलवार को पड़ोसियों ने राजेंद्र के घर का दरवाजा खुला नहीं देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंची और राजेंद्र के घर गई तो नीतू अपने तीनों बच्चों के साथ खून से लथपथ मृत पड़ी थी। वहीं, राजेंद्र घर से गायब था। अब इस हत्याकांड में एक तांत्रिक का प्रवेश हो गया है। जानकारी सामने आई है कि शराब कारोबारी राजेंद्र गुप्ता ने किसी तांत्रिक के कहने पर अपने परिवार को मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद राजेंद्र गुप्ता की लाश मीरापुर लठिया स्थित अर्धनिर्मित एक मकान में मिला, माना जा रहा है कि उनसे आत्महत्या कर ली है। वहीं पुलिस अब उस तांत्रिक की तलाश में है जिससे राजेश मिलता-जुलता था। बता दें कि यह पूरी घटना सोमवार रात की है। सूचना पाकर फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड के साथ भेलूपुर थाने की पुलिस ने मौके पर जाकर साक्ष्य जुटाए हैं।

## साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ वारंट जारी

नई दिल्ली, 5 नवंबर (एजेंसी)। मालेगांव विस्फोट मामले में एनआईए कोर्ट ने भाजपा नेता साध्वी प्रज्ञा ठाकुर के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। 29 सितंबर 2008 को महाराष्ट्र के नासिक जिले में मुंबई से 200 किमी दूर मालेगांव शहर में एक मस्जिद के पास एक मोटरसाइकिल में विस्फोट हुआ था। इस विस्फोट में छह लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग घायल हुए थे। पहले महाराष्ट्र एटीएस इस मामले की जांच कर रही थी और बाद में इसे एनआईए को सौंपा गया था। मामले में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित समेत सात आरोपी मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

# पुरी से दिल्ली आ रही ट्रेन में गोली चलने से हड़कंप

नई दिल्ली, 5 नवंबर (एजेंसी)। ओडिशा के पुरी से दिल्ली आ रही ट्रेन में गोली चलने से हड़कंप मच गया। वारदात भद्रक के पास की है। स्थानीय पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार को पुरी से आनंद विहार आ रही नंदनकानन एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या-12815) में गोली चलने के कारण शौचालय का कांच टूट गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल देखा गया। ट्रेन से सफर कर रहे यात्रियों को गोली चलने की जगह के आस-पास देखा गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय रेलवे और पुलिस पदाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। पुरी के सरकारी रेलवे पुलिस पुलिस स्टेशन प्रभारी एसके बहिनीपति ने नंदनकानन एक्सप्रेस में गोली चलने की घटना पर कहा कि मंगलवार सुबह 9 से 9.30 बजे के बीच हमें सूचना मिली कि भद्रक पार करने के बाद नंदनकानन एक्सप्रेस ट्रेन पर गोलीबारी हुई। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जीआरपी और आरपीएफ ने ट्रेन को पुरी तक पहुंचाया। आरपीएफ और स्थानीय पुलिस समेत 4 टीमें पूरे मामले की जांच कर रही हैं।



# नई मंडी पुलिस से मुठभेड़ में बाइक सवार बदमाश घायल

मुजफ्फरनगर, 5 नवंबर (बु.)। नई मंडी थाना क्षेत्र के चांदपुर पुलिया के पास चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में एक बाइक चोर गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने उसे दबोचकर उसके कब्जे से एक चोरी की मोटरसाइकिल, अवैध तमंचा, जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। खतौली क्षेत्र अधिकारी राम आशीष यादव ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि देर शाम थाना नई मण्डी पुलिस भोपा रोड पर चांदपुर पुलिया के पास चेकिंग कर रही थी। तभी जट मुझेड़ा की तरफ से आ रहे युवक को पुलिस ने रोका तो वह भागने लगा। वह धंधेड़ा जाने वाले रास्ते पर भागने लगा तो पुलिस ने उसका पीछा किया।मोटरसाइकिल फिसल कर गिर गयी तो



बदमाश ने पुलिस पर फायर करते हुए जंगल की तरफ भागने की कोशिश की। पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसका नाम सचिन पुत्र रामानंद निवासी रामपुरी थाना कोतवाली नगर बताया गया है। उसके कब्जे से चोरी की स्पलैण्डर मोटरसाइकिल मिली जिस पर फर्जी नम्बर प्लेट लगी थी। पुलिस के अनुसार पकड़े गए बदमाश के खिलाफ एक दर्जन मामले पहले से दर्ज हैं।

## नाबालिग युवती से छेड़छाड़ करने वाले दूसरे आरोपित को जेल भेजा

सिखेड़ा, 05 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक युवक नाबालिग युवती को बहला फुसलाकर ले गया था। पुलिस ने मुकदमे में वांछित आरोपित को पकड़कर जेल भेज दिया। शुक्रवार की रात गांव बहादरपुर निवासी पिंकल पुत्र विनोद कुमार थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग युवती को बहला फुसला कर ले गया था। स्वजन ने पिंकल और उसके साथी आशु पुत्र ओम प्रकाश, विशाल पुत्र नरेश, अशोक पुत्र रामपाल और हिमांशु पुत्र प्रमोद कुमार के खिलाफ युवती को बहला फुसलाकर ले जाने की तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी थी। रविवार को पिंकल के घर से पुलिस ने युवती को बरामद कर उसको गिरफ्तार कर लिया था। उसे पोक्सो एक्ट की धारा में जेल भेज दिया था। मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपित हिमांशु पुत्र प्रमोद कुमार को बहादरपुर के राजवाहे पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया, उसे भी जेल भेज दिया है।

## गुजरात में निर्माण स्थल से कंक्रीट ब्लॉक ढहे, तीन लोगों की मौत

आणंद, 5 नवंबर (एजेंसी)। गुजरात के आणंद में एक निर्माण स्थल से कंक्रीट के ब्लॉक ढह गए। इसमें चार मजदूर फंस गए। इनमें से तीन की मौत हो गई। निर्माण स्थल पर बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए काम चल रहा था। मौके पर आणंद पुलिस और अग्निशमन विभाग के अधिकारी पहुंच गए। बचाव कार्य शुरू कर दिया गया। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने बताया कि माही नदी पर बुलेट ट्रेन परियोजना के निर्माण स्थल पर चार मजदूर कंक्रीट ब्लॉकों के बीच फंस गए। क्रेन के जरिये बचाव अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक गौरव जसानी ने बताया कि घटना वसाड गांव के पास हुई। आणंद के अग्निशमन अधिकारी धर्मेश गौर ने कहा कि दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। हमने मलबा साफ कर दिया। बचाए गए दो लोगों को अस्पताल भेज दिया गया। इनमें एक की मौत हो गई है। दो और शव भी बरामद किए गए हैं। घटना में तीन लोगों की मौत हुई है।

# सपा के पक्ष में चंद दर्जन गुर्जर महापंचायत करने पर हंगामा

▶ समाज की महापंचायत बताकर लोगों को किया जमा ▶ पंचायत में सपा के पक्ष में वोट मांगे, तो भड़के गुर्जर समाज के लोग

मीरापुर, 5 नवम्बर (बु.)। गुर्जर विकास मंच के संरक्षक द्वारा आयोजित महापंचायत में सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील किये जाने पर हंगामा हो गया, पंचायत में मौजूद लोग सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील सुनते ही भड़क उठे तथा हंगामा करते हुए पंचायत में मौजूद अधिकांश लोग पंचायत स्थल से बाहर आ गए।

करीब एक सप्ताह पूर्व गुर्जर विकास मंच के राष्ट्रीय संरक्षक कुंवर देवेन्द्र हंसापुर द्वारा मीरापुर उपचुनाव में भाजपा- रालोद गठबंधन द्वारा गुर्जर बिरादरी के व्यक्ति को टिकट नहीं दिए जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए आज (मंगलवार) को महापंचायत आयोजित करते की घोषणा की थी। पूर्व निर्धारित घोषणा के अनुसार मंगलवार की दोपहर में एक मंडप में गुर्जर समाज की महापंचायत शुरू हुई, जिसमें क्षेत्र के सैंकड़ों लोग पहुँचे। महापंचायत में मंच से बोलते हुए आयोजक कुंवर देवेन्द्र ने मौजूद लोगों से सपा के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की, तो महापंचायत में हंगामा शुरू हो गया। महापंचायत में मौजूद लोग भड़क उठे तथा मौजूद लोगों ने हंगामा करते हुए आयोजक पर आरोप लगाया कि उन्होंने उन्हें समाज की महापंचायत कहकर बुलाया गया था और अब वह सपा के पक्ष में वोट डालने के लिए कह रहे जोकि बिल्कुल गलत है, इसके बाद महापंचायत में मौजूद दर्जनों लोग वापस जाने लगे, जिस पर आयोजक कुँवर देवेन्द्र ने उन्हें काफी समझाने का प्रयास किया, किन्तु लोग अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए पंचायत स्थल से बाहर निकल आये तथा महापंचायत में मात्र एक डेढ़ दर्जन लोग ही मौजूद रह गये।



### पंचायत गुर्जर समाज की, अनुमति सपा प्रत्याशी की मीटिंग की

मीरापुर। आयोजक कुंवर देवेन्द्र हंसापुर ने गुर्जर समाज की महापंचायत आयोजित की थी तथा गुर्जर समाज की पंचायत के नाम पर बिरादरी के लोगों को महापंचायत में बुलाया था, किन्तु पंचायत की अनुमति सपा प्रत्याशी सुम्बुल राणा की सभा के नाम पर ली गई थी। इस बात की जानकारी भी जब गुर्जर समाज के लोगों को लगी, तो उन्होंने काफी नाराजगी जाहिर की

## जयंत चौधरी ने हमेशा किसानों की लड़ाई लड़ी है- चंदन चौहान

मीरापुर, 5 नवम्बर (बु.)। रालोद कार्यकर्ताओं ने सर्वसमाज की बैठक आयोजित कर बुधवार को आयोजित होने वाली रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी की जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने उपचुनाव को सम्मान की लड़ाई बताया। मंगलवार की शाम चार बजे गांव भुम्मा में स्थित गायत्री फार्म हाउस में रालोद के प्रदेश प्रवक्ता सुनील रोहटा द्वारा सर्वसमाज की बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे बिजनौर सांसद चंदन चौहान ने कहा कि उन्होंने जो वायदे किए हैं, उनको पूरा कर चार गुणा विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चौधरी साहब के घर के दरवाजे आप सभी के लिए हमेशा खुले हुए हैं। उन्होंने मीरापुर उपचुनाव को सम्मान की लड़ाई बताया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से भाजपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी मिथलेश पाल को जिताने का आह्वान किया। बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सागवान ने बुधवार को गांव नूनीखेड़ा में होने वाली रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी की जनसभा में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। कार्यक्रम को विधायक गुलाम मौहम्मद, विधायक अशरफ अली, पूर्व मंत्री कुलदीप, रालोद क्षेत्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, पूर्व विधायक राजेंद्र शर्मा, रालोद शामली जिलाध्यक्ष वाजिद अली, बागपत जिलाध्यक्ष सुभाष गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत राठी, स. मेजर सिंह आदि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता महकार सिंह व संचालन रालोद जिला अध्यक्ष संदीप मलिक ने किया। इस दौरान दिनेश चौधरी, वैभव चौधरी, राजेंद्र सिंह, रवींद्र सिंह आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



## बाइक की टक्कर लगने से साइकिल सवार घायल

सिखेड़ा, 05 नवम्बर (बु.)। क्षेत्र के गांव निराना में एक वृद्ध को बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायल के स्वजन ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव भंडूर निवासी किशन लाल पुत्र जयप्रकाश उम्र लगभग 50 वर्ष ओरिएंटल पेपर मिल निराना में नौकरी करता है। वह शुक्रवार की शाम को भंडूर से साइकिल लेकर काम पर जा रहा था। जैसे ही वह पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गांव निराना के सामने पहुंचा, तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद वह सड़क पर गिर गया और घायल हो गया। किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचाया। गंभीर हालत होने के कारण घायल को रेफर कर दिया, जिसका इलाज मेडिकल कॉलेज मेरठ में चल रहा है। सविता देवी पत्नी प्रवीण कुमार निवासी भंडूर ने दुर्घटना की तहरीर दी है। थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि तहरीर के आधार पर बाइक सवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## वकीलों का एलान : जिला जज के बर्खास्त होने तक चलेगी हड़ताल

गाजियाबाद, 5 नवंबर (एजेंसी)। जिला जज की कोर्ट में 29 अक्तूबर को किए गए लाठीचार्ज के विरोध में वकील सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। वकीलों ने कचहरी गेट पर धरना-प्रदर्शन कर अपने गुस्से का इजहार किया। गाजियाबाद बार एसोसिएशन ने एलान कर दिया कि जिला जज अनिल कुमार की बर्खास्तगी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। तब तक कचहरी में वकील रोज सुबह से शाम तक धरना-प्रदर्शन भी करेंगे। वकीलों ने लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वकीलों ने सेल टैक्स कार्यालय के पास चौराहे पर धरना दिया। यहां बार अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा, वकीलों ने बड़े आंदोलन के लिए कमर कस ली है। जिला जज की बर्खास्तगी होने तक कोई भी वकील न्यायिक कार्य नहीं करेगा।

# सहारनपुर में अग्निवीर भर्ती 24 दिसंबर से



सहारनपुर 05 नवंबर (वार्ता) पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में भारतीय सेना 24 दिसंबर से पांच जनवरी के बीच अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन अम्बेडकर स्टेडियम में करेगी। अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ अर्चना द्विवेदी की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अग्निवीर भर्ती की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों एवं सेना के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। जिले में अग्निवीर भर्ती के तहत भारतीय सेना की ओर से 24 दिसम्बर से 05 जनवरी तक रैली का आयोजन किया जाना है। यह रैली डा भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में होगी। रैली में प्रदेश के 13 जिलो के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। रैली में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, हापुड, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ और बुलंदशहर के अभ्यर्थी आएंगे।

बैठक में सेना के भर्ती अधिकारी कर्नल सत्यजीत बेबले ने अधिकारियों को रैली के मद्देनजर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं आवशयकताओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भर्ती रैली में 15 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जनपद में प्रतिदिन लगभग 1500 अभ्यर्थी आएंगे। डॉ द्विवेदी ने सभी विभागीय अधिकारियों को उचित व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को पेयजल, साफ-सफाई, बेरीकेटिंग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लाइट, शौचालय, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को पर्याप्त मात्रा में बसों को संचालन करने एवं अग्निशमन विभाग को रैली स्थल पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी यातायात सिद्धार्थ वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रवीण कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं सेना भर्ती के अधिकारी मौजूद रहे।

# रेल यात्रियों के लिए ऑल इन वन सुपर एप से होंगे काम

नई दिल्ली, 5 नवंबर (एजेंसी)। ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए यह खबर महत्वपूर्ण है। रेलवे आने वाले दिनों में यात्रियों के लिए एक नई सुविधा की शुरूआत करने जा रहा है। इससे लोगों को टिकट बुकिंग से लेकर ट्रेन ट्रैकिंग समेत जैसी कई महत्वपूर्ण सुविधाएं मिलेगी।

जानकारी के अनुसार, भारतीय रेलवे दिसंबर के अंत तक या जनवरी 2025 अपना ऑल इन वन सुपर एप लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो यात्री सेवाओं के लिए एक ही प्लेटफॉर्म प्रदान करेगा। यह एप टिकट बुक करने, प्लेटफॉर्म पास खरीदने और ट्रेन शेड्यूल की निगरानी करने में मददगार साबित होगा। इस एप को सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम द्वारा विकसित किया जा रहा है और इसे इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन के साथ जोड़ा जाएगा। भारतीय रेलवे का यह सुपर एप दिसंबर 2024 के अंत या जनवरी 2025 तक लॉन्च होने की उम्मीद है। सीआरआईएस द्वारा विकसित ये एप को आईआरसीटीसी के द्वारा इंटीग्रेटेड किया जाएगा, जिससे यात्रियों को सभी सेवाएं एक ही ऐप में मिल सकेंगी। सीआरआईएस द्वारा इस एप को आईआरसीटीसी के साथ इंटीग्रेट किया जाएगा, जिससे यात्रियों को सभी सेवाएं एक ही एप में मिल सकेंगी। अभी तक आईआरसीटीसी यात्रियों में सबसे ज्यादा डाउनलोड किया गया एप है। इसके करीब 10 करोड़ से ज्यादा लोग डाउनलोड कर चुके है। यह आरक्षित ट्रेन टिकट बुकिंग के लिए एकमात्र विकल्प है।




एक अधिकारी के अनुसार, आईआरसीटीसी इस सुपर ऐप को अपनी आय में वृद्धि का एक नया मार्ग मानता है। टिकटिंग में एकाधिकार रखते हुए आईआरसीटीसी अपनी तकनीक को बेहतर बना रहा है ताकि यात्रियों को उन्नत सेवाएं मिल सकें। दरअसल, आईआरसीटीसी इस सुपर एप को अपनी आय में बढ़ोतरी का एक नया अवसर मानता है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में आईआरसीटीसी का शुद्ध लाभ ?1,111.26 करोड़ था, जिसमें से 30.33 प्रतिशत आय टिकट बुकिंग से हुई थी। आईआरटीसी एप के जरिए एयरलाइंस के टिकट भी खरीदे जा सकते हैं और ट्रेन में खाना भी मंगाया जा सकता है। इसके अलावा भी इस एप में कई अन्य सुविधाएं हैं। भारतीय रेलवे का नया एप आने के बाद आईआरसीटीसी यात्रियों के साथ सीआआईएस के इंटरफेस के रूप में जारी रहेगा। इसकी सुविधाएं पहले की तरह काम करती रहेंगी। यह एप कई मौजूदा एप्स और वेबसाइट्स की सुविधाओं को एक साथ जोड़ेगा, जैसे कि टिकट बुकिंग, ट्रेन स्थिति जांच, प्लेटफॉर्म टिकट और फूड सर्विस आदि। वर्तमान में यात्री आईआरसीटीसी रेल कनेक्ट, आईआरसीटीसी ई-कैटरिंग फूड ऑन ट्रैक, रेल मदद, यूटीएस और नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम जैसे ऐप्स का उपयोग करते हैं, जिन्हें इस नए सुपर ऐप में शामिल किया जाएगा।

### रेलवे के सुपर पर होंगे ये सारे काम

▶ आईआरसीटीसी सुपर एप पर पैसेंजर और माल ढुलाई कस्टमर्स को मिलेगा वन-स्टॉप सॉल्यूशन।

▶ आईआरसीटीसी सुपर एप खोलने पर कस्टमर्स को दो ऑप्शन दिखेंगे। पैसेंजर और फ्रेट आप अपनी जरूरत के हिसाब से विकल्प चुन सकते हैं।

▶ पैसेंजर्स को इसमें रिजर्व टिकट बुकिंग, अनरिजर्व टिकट बुकिंग, टूर पैकेज बुकिंग, धार्मिक ट्रेन बुकिंग, फ्लाइट बुकिंग, कैब और होटल बुकिंग की सर्विस मिलेगी।

▶ ई-कैटरिंग, रिटायरिंग रूम और एक्जीक्यूटिव लाउंज की बुकिंग भी सुपर ऐप के जरिए की जा सकती है। फ्रेट कस्टमर सुपर ऐप पर थोक आइटम बुकिंग, पार्सल बुकिंग, देश भर में किसी भी प्रकार की माल ढुलाई के लिए पंजीकरण और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए कर सकते हैं।

### आम यात्रियों की कम होगी परेशानी

भारतीय रेलवे नया एप लाकर आम लोगों की परेशानी को कम करने की कोशिश कर रही है, लेकिन असली परेशानी ट्रेनों की कमी के कारण हुई। बड़ी संख्या में लोग काम के सिलसिले में एक राज्य से दूसरे राज्य में जाते हैं और त्योहारों के समय पर घर लौटते हैं। इसी दौरान ट्रेनों की कमी हो जाती है। बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनें भी यात्रियों के लिए पर्याप्त नहीं होती हैं। इससे साफ है कि रेलवे को अतिरिक्त लाइनें बिछाकर ट्रेन चलाने की जरूरत है।

## लोक गायिका शारदा सिन्हा के निधन से दौड़ी शोक की लहर

नई दिल्ली, 5 नवंबर (एजेंसी)। गायिका शारदा सिन्हा का 72 साल की आयु में निधन हो गया। शारदा सिन्हा ने दिल्ली एम्स में अंतिम सांस ली। उनके निधन के बाद बेटे अंशुमान सिन्हा ने कहा, 'आप सब की प्रार्थना और प्यार हमेशा मां के साथ रहेंगे। मां को छठी मईया ने अपने पास बुला लिया है । मां अब शारीरिक रूप में हम सब के बीच नहीं रहीं।' शारदा सिन्हा के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह समेत कई हस्तियों ने शोक जताया है। पीएम मोदी ने कहा कि मैथिली और भोजपुरी के लोकगीत शारदा सिन्हा की आवाज में रिकॉर्ड किए गए, जो पिछले कई दशकों से बेहद लोकप्रिय रहे हैं। उनका जाना संगीत जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

## बसपा के स्टार प्रचारकों में मायावती और सतीशचंद्र मिश्रा सहित 40 नाम शामिल

लखनऊ, 5 नवंबर (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। इसके लिए बसपा ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इसमें बसपा सुप्रीमो मायावती और सतीशचंद्र मिश्रा सहित 40 नाम शामिल हैं। बसपा के ये महारथी उपचुनाव में बसपा की जीत के लिए दिनरात एक करेंगे। बताते चलें कि यूपी में गाजियाबाद, मीरपुर, कुंदरकी, खैर, करहल, सीसमऊ, फूलपुर, कटेहरी, मझावां सीटों पर उपचुनाव होना है। इसके लिए पहले 13 नवंबर को मतदान होना था। लेकिन, 04 नवंबर को चुनाव आयोग ने इन सभी सीटों पर मतदान की तारीख एक हफ्ते बढ़ा दी है। अब इन नौ सीटों पर 20 नवंबर को वोटिंग होगी।

# बाइक पर लिफ्ट लेना भारी पड़ा, हादसे में दो लोगों की मौत

बिजनौर, 5 नवंबर (एजेंसी)। लोनी डिपो की रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार रामेश (65) और लक्की (16) की मौत हो गई। लक्की का पिता सुभाष घायल हो गया। वह बेटे को दवाई दिलवाकर धामपुर से लौट रहा था। रास्ते में रामेश भी उनकी बाइक पर सवार हो गया था। गंभीर रूप से घायल सुभाष को हायर सेंटर रेफर किया गया है। उधर, पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया।

मंगलवार को गांव शाहपुर शप्पर उर्फ खदाना का सुभाष (40) अपने बीमार बेटे लक्की (16) को दवाई दिलाने धामपुर गया था। उनके साथ गांव का ही रामेश भी साथ था। लौटते वक्त दोपहर 12 बजे खदाना की पुलिया के पास धामपुर से यात्री लेकर दिल्ली जा रही लोनी डिपो की बस ने उनकी बाइक में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक बस के साथ काफी दूर तक खिंची चली गई।हादसे के बाद आरोपी चालक बस छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक पर सवार घायल रामेश, सुभाष और लक्की को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धामपुर पहुंचाया। चिकित्सकों ने रामेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि सुभाष और लक्की की गंभीर स्थिति के कारण बिजनौर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान करीब चार बजे लक्की की भी मौत हो गई। पुलिस ने बस को कब्जे में ले लिया। साथ ही पंचनामा भरकर मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

# बीटेक के छात्र के निधन पर मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने जताया शोक

मुजफ्फरनगर, 5 नवंबर (बु.)। प्रदेश के कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने गत दिवस इंदौर में हादसे में हुए बीटेक छात्र के निधन पर शोक जताया तथा शोक संतप्त परिवार के लोगों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। नगर के भरतिया कॉलोनी निवासी धैर्य भारद्वाज पुत्र शिवकुमार का गत दिवस इंदौर में उस समय हादसे में निधन हो गया था, जब वह दोस्तों के साथ भोपाल जा रहे थे। उनकी कार रास्ते में खड़े एक वाहन से टकरा गई थी। कल मंत्री कपिलदेव के हस्तक्षेप के बाद ही रात में उनका पोस्टमार्टम कराया गया। इस बीच आज सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव उनके भरतिया कॉलोनी स्थित आवास पर पहुंचा तो वहां कोहराम मच गया। परिवार में युवा होनहार पुत्र के निधन का शोक पूरे इलाके और रिश्तेदारों में नजर आया। हर कोई इस अनहोनी घटना पर शोक जताता दिखा। आज प्रदेश के कौशल विकास राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल भी उनके आवास पर पहुंचे तथा परिजनों से मिलकर मामले पर शोक जताया। मंत्री ने इस घटना को परिवार के लिए भारी आघात बताते हुए परमात्मा से प्रार्थना की कि वह इस दुख को सहने की क्षमता प्रदान करें।

## इंदौर से भरतिया कॉलोनी पहुंचा शव तो मचा कोहराम


